आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 18 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-290 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

बिलासपुर में तड़के हुई बारिश

रायपुर,18 जनवरी। प्रदेश में एक बार फिर मौसम में अचानक बदलाव आ गया है। राज्य के तीन संभाग रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आज बिलासपुर संभाग में बारिश हुई है जिससे ठंड बढ़ गई और घना कोहरा का असर देखा जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में कोहरा छाया हुआ है। वहीं मौसम में आए अचानक बदलाव का कारण पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर से एक्टिव होने की वजह से प्रदेश के कई जिलों में कोहरा और ठंड के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में बारिश होने की संभावना है।

सड़क किनारे मिली महिला की अधजली लाश

बेमेतरा,18 जनवरी। जिले में सड़क किनारे एक महिला की अधजली लाश मिली है. इससे इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. मामला बेरला थाना क्षेत्र के नेवनारा गांव का है. फिलहाल मृतका की अब तक पहचान नहीं हो गई है. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और उसकी शिनाख्त में जुट गई है.

22 जनवरी का दिन होगा ऐतिहासिकः साव

रायपुर,18जनवरी। डिप्टी सीएम अरुण साव ने अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह और छत्तीसगढ़ में इसकी तैयारियों को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा कि, 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिन होने वाला है. क्योंकि उस दिन अयोध्या में भव्य और दिव्य रामलला के मंदिर के

लोकार्पण का कार्यक्रम होगा. दुनिया के राम भक्त इस दिन को उत्सव के रूप में मनाकर इस ऐतिहासिक पल को और यादगार बनाने की तैयारी कर रहे है. उन्होंने बताया कि, छत्तीसगढ़ में विशेष तैयारी की जा रही. शहर-शहर, गांव-गांव, अलग-अलग धार्मिक संगठनों द्वारा विविध आयोजन की तैयारी है. हमारी सरकार भी तैयारी में जुटी है. छत्तीसगढ़ के लोगों में इसे लेकर दोगुना उत्साह है. हर एक व्यक्ति इस दिन को यादगार बनाने की तैयारी में हैं.

कांग्रेस ने भगवान राम को कहा काल्पनिक-वहीं अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस के शामिल नहीं होने पर डिप्टी अरुण साव ने तंज कसते हुए कहा कि, कांग्रेस का रुख साफ है. यही कांग्रेस है जिन्होंने भगवान राम को काल्पनिक कहा था. उन्होंने राम मंदिर के निर्माण में रोड़े अटकाए. आज पूरा देश मंदिर के लोकार्पण को ऐतिहासिक बनाने में लगा हुआ हैं, कांग्रेसी सोंचे वे कहां हैं.

कांग्रेस के वादाखिलाफी की गैरंटी वाले बयान पर साव ने किया पलटवार-मोदी की ~~गैरंटी को वादाखिलाफी की गैरंटी~~ देने वाले कांग्रेस के बयान पर डिप्टी सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि, अब तो कांग्रेस के बातों पर ज्यादा भरोसा नहीं. 5 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को जैसे ठगा, लूटा गया. आज जब मोदी की गारंटी लोगों तक जा रही. उनके पेट में दर्द हो रहा है. क्योंकि उनकी सोच नहीं है. जनहित और जनता के हित में काम हो. वह कभी करने की कल्पना नहीं कर सकते. आज हमारी सरकार काम कर रही है तो उनके पेट में दर्द हो रहा है. कैबिनट में राजनीतिक प्रकरण वापस लेने के फैसले पर अरुण साव ने बताया कि, कैबिनेट में राजनीतिक प्रकरणों की वापसी पर कमिटी गठित की गई है.

राम वन गमन पथ में हुए भ्रष्टाचार की होगी जांचः सीएम

रायपुर,18 जनवरी

सुकमा जाने से पहले सीएम साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्ववर्ती सरकार में राम वन गमन पथ में भ्रष्टाचार के सवाल पर कहा कि, कांग्रेस की सरकार में बहुत सारे भ्रष्टाचार हुए हैं, जो भी लगेगा कि जहां भ्रष्टाचार हुआ हैं, उस पर जांच कमेटी बैठाएंगे. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुकमा के लिए रवाना हुए. उनके साथ कृषि मंत्री रामविचार नेताम और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप भी गए हैं.

वहीं, मंत्री केदार कश्यप ने भी मीडिया से बात की. इस दौरान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से कांग्रेस दूर नजर आ रही है. सवाल पर उन्होंने कहा कि, भाजपा ने कभी राम को लेकर राजनीति नहीं की. भगवान राम हमारे आस्था का केंद्र है. सबकी मंशा है कि भगवान राम का मंदिर बनना चाहिए, लेकिन कुछ लोग और पार्टी हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया. मंत्री कश्यप ने कहा कि, आज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है तो तकलीफ उन्हीं को होगी जो अस्तित्व पर सवाल खड़ा करते हैं. हमारा उनसे आग्रह है कि वो खुले मन से आए. भगवान राम सबके हैं, किसी पार्टी विशेष के नहीं. भगवान राम सबको आशीर्वाद दें. कांग्रेस में जो हालात हैं, बोल कौन रहा है, कर कौन रहा है, यह समझ में नहीं आता. कांग्रेस में स्थिति बहुत गंभीर है. भाजपा छोटे से छोटे कार्यकर्ता का ध्यान रखती है. विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा के ऊपर गंभीर आरोप लगाए हैं. ये पहले उस आरोप से मुक्त तो हो.

ज्ञानवापी मस्जिद के सील वजूखाने की 20 को होगी सफाई

हिंदू पक्ष की मांग पर सुको ने दी थी मंजूरी

नई दिल्ली,18 जनवरी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में वजूखाने की सफाई शनिवार को की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर ये आदेश दिया और कहा कि वहां पर साफ सफाई का काम जिलाधिकारी की देखरेख में किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मामले की सुनवाई हुई। 3 जनवरी को याचिका पर उन्होंने जल्द सुनवाई का भरोसा दिया था। वजूखाना में मछिलियों के मर जाने के बाद ये याचिका दाखिल की गई थी। राखी सिंह और अन्य बनाम यूपी राज्य और अन्य ने 2 जनवरी को एससी के समक्ष एक आवेदन दायर किया था, जिसमें वुजुखाना के अंदर मरी हुई मछलियों की मौजूदगी का हवाला देते हुए इसकी सफाई की मांग की गई थी। विष्णु जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का मंगलवार का आदेश बुधवार देर दोपहर तक अपलोड नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में



ज्ञानवापी के सील किए गए क्षेत्र की सफाई की अनुमति दी है, जिसे डीएम वाराणसी की निगरानी में किया जाना चाहिए, जिसके बाद इसे फिर से सील कर दिया जाएगा।

अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद (एआईएम)-ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति ने इस याचिका का विरोध नहीं किया था, क्योंकि महिला वादी द्वारा एससी के समक्ष आवेदन दायर करने से पहले ही वह जिला न्यायाधीश और डीएम के समक्ष इसी तरह के आवेदन प्रस्तुत कर चुकी थी। 16 मई, 2022 को एक अदालती आयोग के सर्वेक्षण के दौरान एक शिवलिंग पाए जाने के दावे के बाद, अदालत के आदेश पर इस वुजुखाना को सील कर दिया गया था।

नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर पर डाक टिकट किया जारी

नई दिल्ली,18 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किए। पीएम ने इसी के साथ दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की। इस डाक टिकट पर अलग-अलग डिजाइन भी बने हैं। डिजाइन में राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर और ऐसी ही कई मूर्तियां शामिल हैं। पीएम द्वारा जारी डाक टिकट में कुल 6 टिकटें हैं जिनमें राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी की तस्वीर शामिल हैं। इस डाक टिकट में सूर्य की किरणों और चौपाई की सोने की पत्ती लघु शीट को एक राजसी प्रतीक बनाती है। पांच भौतिक तत्व यानी आकाश, वायु, अग्नि, पृथ्वी और जल, जिन्हें 'पंचभूत' के रूप में जाना जाता है, विभिन्न डिजाइन के माध्यम से उसे दर्शाया गया है। इसी के साथ भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की गई जो विभिन्न समाजों पर भगवान राम की अंतर्राष्ट्रीय अपील को प्रदर्शित करती है। 48 पन्नों की इस पुस्तक में अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, कंबोडिया और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों सहित 20 से अधिक देशों द्वारा जारी किए गए डाक टिकट शामिल हैं।

बस खड़े ट्रक से टकराई, 20 से अधिक घायल

कोरबा,18 जनवरी। तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. कोरबा जिले में बिहार से यात्रियों को लेकर आ रही बस हादसे का शिकार हो गई. तेज रफ्तार अनियंत्रित बस हसदेव पुल के ऊपर खड़े ट्रक में जा घुसी. हादसे के बाद यात्रियों में चीखपुकार मच गई. इस दुर्घटना में बस में सवार 20 से अधिक लोग हुए हैं. जिसमें घायल 6 महिला और 8 पुरूष को गम्भीर चोंटे आई है. घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुट गई और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. सभी घायलों का इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, बांगो थाना अंतर्गत बिहार के सासाराम से चलकर कोरबा की ओर आ रही गुप्ता ट्रेवल्स की बस अनियांत्रित होकर केंदई हसदेव पुल के ऊपर खड़ी ट्रक में जा घुसी. इस हादसे में बस में सवार 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं. जबकि 6 महिला और 8 पुरूष को गम्भीर चोंटे आई है. हादसे के बाद कुछ यात्री बस के सीट में फंस गर थे. जिन्हें 112 की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया. वहीं हाइवे एम्बुलेंस और 112 की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया. मामले में बांगो पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है.

दो ट्रकों में टक्कर, एक की मौत

जगदलपुर,18 जनवरी। नेशनल हाईवे 30 में कोसा सेंटर के सामने बीती रात दो ट्रकों के बीच जबरदस्त हादसा हो गया, इस घटना में जहाँ एक ड्राइवर की मौत हो गई, वही 3 लोग घायल हो गए, घटना की जानकारी लगते ही बस्तर पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि जगदलपुर से एक ट्रक कबाड़ी सामान लेकर रायपुर के लिए निकला हुआ था। वही इस वाहन में 2 लोग सवार थे, रायपुर से जगदलपुर के लिए निकला दूसरा ट्रक देर रात जैसे ही बस्तर थाना क्षेत्र के कोसा सेंटर के पास पहुंचा। रात के समय घना कोहरा बताया जा रहा है, जिससे कि दोनों ट्रकों के चालक को दिखाई नहीं दिया और आपस में रात करीब 3 से 4 बजे के बीच टक्कर हो गई।

बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में कंगाले व इलेक्शन मैनेजमेंट कैटेगरी में नंदनवार होंगे सम्मानित

रायपुर,18 जनवरी। भारत निर्वाचन आयोग ने आज बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवॉर्ड 2023 की घोषणा कर दी। पिछले साल हुए पांच राज्यों में चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ से 2 आईएएस अधिकारियों को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवॉर्ड से 25 जनवरी को सम्मानित करेगी। विधानसभा चुनाव में अच्छा काम करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट में अवॉर्ड दिया जाएगा। वहीं चुनाव के दौरान बेस्ट इलेक्शन मैनेजमेंट के लिए तत्कालीन दंतेवाड़ा कलेक्टर विनीत नंदनवार को अवॉर्ड दिया जाएगा। यह अवार्ड 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में इन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव हुए थे। दोनों चरणों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।वही आईएएस विनीत नंदनवार को चुनाव के दौरान बेस्ट मैनेजमेंट के लिए सम्मानित किया जाएगा।

राम मंदिर को लेकर पाकिस्तान फैला रहा जहर

नई दिल्ली,18 जनवरी। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर पाकिस्तान की बुरी नजर पड़ने की आशंका है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर सरकार या पुलिस की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। खबर है कि पाकिस्तान की तरफ से राम मंदिर के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार किया जा रहा है। 22 जनवरी को राम मंदिर में समारोह होना है। जांच के दौरान पता चला है कि पाकिस्तान की तरफ से एक सोशल मीडिया अभियान चलाया जा रहा है। खबर है कि इसके जरिए भारतीयों की भावनाओं को भड़काने और कार्यक्रम को लेकर गलत जानकारियां साझा की जा रही हैं। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पता चला है कि विवादित ढांचे से तीन किमी दूर मंदिर बनाए जाने का दावा भी पाकिस्तान की साजिश का हिस्सा था। रिपोर्ट के अनुसार, इस अभियान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (अब एक्स) के कई नए और पुराने अकाउंट शामिल हैं। ये खाते राम मंदिर के खिलाफ पोस्ट कर रहे हैं। साथ ही बाबरी मस्जिद के प्रति समर्थन जाहिर कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस एवं अयोध्या में होने वाले राम मंदिर समारोह से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है और उत्तर पूर्वी दिल्ली के जंगल के इलाकों में रोशनी के लिए पुलिस 'फ्लेयर गन' या 'वेरी लाइट पिस्तौल' (वीएलपी) का इस्तेमाल कर रही है। जम्मू में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्षेत्र में चाक चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा सहित पूरे जम्मू क्षेत्र में सुरक्षाबलों और पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह और गणतंत्र दिवस समारोह से पहले सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। सुरक्षा तंत्र को अलर्ट पर रखा गया है।'

आईएनएस विशाखापत्तनम ने ड्रोन हमले का दिया जवाब व्यापारी जहाज को बचाया

हैदराबाद,18 जनवरी।भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम ने गुरुवार को अदन की खाड़ी में मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले अमेरिकी स्वामित्व वाले जहाज एमवी जेनको पिकार्डी पर यमन स्थित हौथिस द्वारा किए गए ड्रोन हमले का जवाब दिया, जिसमें अदन की खाड़ी में नौ भारतीयों सहित 22 चालक दल के सदस्य थे। क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी गश्त कर रहे आईएनएस विशाखापत्तनम ने सहायता प्रदान करने के लिए गुरुवार को जहाजों को रोका।

ईडी के सामने फिर पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली,18 जनवरी। आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समन का जवाब दे दिया है। आप ने कहा कि भाजपा का एकमात्र उद्देश्य केजरीवाल को आगामी चुनावों के लिए पार्टी के लिए प्रचार करने से रोकने के लिए केंद्रीय एजेंसी का उपयोग करके गिरफ्तार करना है। आप के मुताबिक दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखा। बीजेपी का मकसद उन्हें गिरफ्तार कर लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है।

आप ने बताया कि ईडी ने लिखा है कि अरविंद केजरीवाल आरोपी नहीं हैं तो समन और गिरफ्तारी क्यों? भ्रष्ट नेता भाजपा में चले जाते हैं और उनके मामले बंद हो जाते हैं। हमने भ्रष्टाचार नहीं किया है, हमारा कोई भी नेता बीजेपी में शामिल नहीं होगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 13 जनवरी को शराब नीति

मामले में चौथा समन जारी किया गया था। उन्हें गुरुवार, 18 जनवरी को पूछताछ के लिए केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। केजरीवाल ने पिछले समन को नजरअंदाज कर दिया था, जिसमें उन्हें ईडी के सामने 2 नवंबर और 21 दिसंबर, 2023 और 3 जनवरी, 2024 को पेश होने के लिए कहा गया था। शराब नीति मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी जेल में बंद हैं।

छग की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता स्वर्ण पदक

मुंगेली,18 जनवरी। कभी-कभी आर्थिक समस्या के आगे हुनर बौना साबित होने लगता है, लेकिन यदि प्रतिभा को बढ़ावा देने वाले लोग यदि सामने आकर मदद करने लगे तो ये चुनौती भी बौना साबित हो जाता है. मुंगेली के लोरमी की रहने वाली भव्या के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है. उन्हें राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल होने ओडिशा जाना था, लेकिन वहां तक आने-जाने में आर्थिक समस्या रोड़ा बन रहा था. इस समस्या को लेकर भव्या के परिजनों ने कलेक्टर राहुल देव से मुलाकात कर गुहार लगाई. इसके बाद कलेक्टर राहुल ने जिला प्रशासन की ओर से मदद करते हुए उनकी आर्थिक समस्या दूर किया और जिले की बेटी भव्या ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है. यही वजह है कि आज भव्या एवं उनके परिजनों ने कलेक्टर राहुल देव से मिलकर इस सहयोग के लिए प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है.

ईब नदी का उद्गम और जशपुर की हरियाली को रखा जाएगा बरकरार

जशपुर,18 जनवरी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिला जशपुर में सघन वनों की पुरानी पहचान को बरकरार रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने हरियाली कार्य योजना पर काम शुरू कर दिया है. इसके तहत यहां ईब नदी का उद्गम स्थल को संरक्षित करने की पहल की गई है. इसके अलावा जशपुर वन मंडल में पहली बार गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही जंगलों में आग लगने की घटना पर रोकथाम के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं.

वन मंडल अधिकारी जितेंद्र उपाध्याय ने आज बताया कि यहां जंगलों के आसपास रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं का समूह बना कर उन्हें प्रशिक्षण देकर वनों की हरियाली को संरक्षित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा रही है. जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम के दौरान जंगल से वनोपज संग्रहण करने वाले लोग सूखे पत्तें और घास फूस में आग लगा देने से प्रतिवर्ष काफी बड़े भूभाग में वनों को नुकसान होता था. यहां के जंगलों में आग लगने की घटना से साल बीज, औषधीय गुण वाले पौधे, चिरौंजी के पेड़ सहित वन्य प्राणियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है. इस बार सीएम विष्णुदेव साय ने देश में जशपुर जिले की हरियाली वाली विशेष पहचान को कायम रखने की दिशा में पहले से ही सार्थक पहल करने के निर्देश दिए हैं.

एनजीओ पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप

महासमुंद,18 जनवरी। जिले के एक एनजीओ पर महिलाओं ने धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है. पीड़ित महिलाओं ने कहा कि एनजीओ जीव संस्कार जन जाग्रति बसना की ओर से महिला समूह का गठन करने के बाद काम देने के नाम पर उनसे लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई है. अब पीड़ित महिलाओं ने मामले की लिखित शिकायत सिटी कोतवाली में की है.

अपने आप को धोखाधड़ी की शिकार मानने वाली महिलाओं ने बताया कि, पिछले एक साल से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को प्रतिनिधि नियुक्त कर प्रत्येक महिला को पांच-पांच गांव में दो-दो समूह गठन करने की जिम्मेदारी दी गई थी. एनजीओ की ओर से समूह को अगरबत्ती, चाय पत्ती, निरमा बनाने का काम देने का भरोसा दिलाया गया और समूह के प्रत्येक सदस्यों से 650 रुपये लिया गया. एनजीओ के झांसे में आकर 800 सदस्य बनाए और प्रत्येक महिलाओं से 650 रुपये लिया गया. इस पूरे मामले में सिटी कोतवाली प्रभारी मोनिका श्याम का कहना है कि महिलाओं की शिकायत मिली है. इसकी जांच कराई जाएगी. जांच में धोखाधड़ी होना पाया जाता है, तो संबंधित एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

खेलो इंडिया कार्यक्रम का छठवां संस्करण 19 से 31 जनवरी तक तमिलनाडु में

jasclaudius@gmail.com

जमीनी स्तर की खेल प्रतिभाओं को मिला उचित मंच

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत के खिलाड़ियों ने विश्व खेल मंच पर अपना प्रदर्शन जारी रखा लेकिन पदकों की दौड़ में शामिल नहीं हो सके। ओलंपिक खेल और विश्व चैंपियनशिप के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा में हमारे खिलाड़ी 20वीं सदी में कुछ को छोड़कर असफल होते रहे। खिलाड़ियों की असफलता के लिए प्रत्येक ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, विश्व स्पर्धा के पश्चात एक समिति का गठन किया जाता था। जांच समिति अपनी रिपोर्ट को केंद्र सरकार को सौंप देती थी। इसके पश्चात केंद्र सरकार, भारत का खेलकूद मंत्रालय, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन उस जांच रिपोर्ट का क्या करता था यह आज तक रहस्य बना हुआ है लेकिन यह स्पष्ट है कि जांच रिपोर्ट से खिलाड़ियों के अगले प्रदर्शन पर भी कोई फर्क नहीं पड़ता था। याने ना तो प्रतिभागियों को अपने खेल को सुधारने की चिंता थी ना ही खेल संगठनों को अच्छे परिणाम के लिए कुछ उपाय निकालने की समझबूझ थी। 21वीं सदी के पहले भारत में खेलकूद की स्थिति अच्छी नहीं थी। 2014 में सत्ता परिवर्तन के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में खेलकूद की गिरती साख पर विशेष ध्यान देना आरंभ किया। उन्होंने खेल विभाग को 2004 एथेंस के रजत पदक विजेता राज्यवर्द्धन सिंह के हाथों सौंप दिया। ओलंपियन राठौर ने भारत के खेल अधिकारियों, खेल संगठनों, खेल को लोकप्रिय बनाने का दम भरने वाली संस्थानों से मिलकर नई नीति बनाई। इस नीति को 1917-18 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और खेल मंत्री विजय गोयल, ओलंपियन राठौर के कार्यकाल में लागू किया गया। खेलों इंडिया कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य भारत में खेलों को लोकप्रिय बनाना भारत के लुप्तप्राय खेलों को नया जीवन देना तथा जमीनी स्तर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चुनकर उन्हें प्रशिक्षित करना है। ऐसे खिलाड़ियों के पढ़ाई, आवास, भोजन, खेल सामग्री के साथ ही साथ स्पर्धा की तैयारी के लिए देश-विदेश में प्रशिक्षित करना है। खेलो इंडिया मुकाबले में अब 17 वर्ष, 21 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को अवसर दिया जाता है। इसमें ग्रीष्म, शीतकालीन खेलों को प्राथमिकता दी जाती है और प्रत्येक वर्ष विभिन्न खेलों के सर्वश्रेष्ठ 1000 खिलाड़ियों में से हर एक आठ वर्ष तक 5 लाख रुपये सालाना अपने-अपने खेलों की तैयारी प्रशिक्षण के लिए दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 से 2019 तक के पहले कार्यकाल में जब इस तरह की खेल योजना की शुरुवात हुई तो लगा कि खेल प्रतिभाओं को पर लग गये हैं और सच्चाई सामने है। खेलो इंडिया कार्यक्रम ने भारत में खेल गतिविधियों को नई दिशा दे दी है। 2013-14 के मुकाबले 2023-24 में केंद्र सरकार का सिर्फ खेल बजट करीब 700 करोड़ रुपए से बढ़कर 2300 करोड़ याने तीन गुना से अधिक हो चुका है। केंद्र सरकार के इस तरह के सकारात्मक कदम पर शंका करने वालों के मुंह पर ताले लग गये हैं। 2017-18 के बाद से खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन अब तक 2019, 2020, 2021, 2023 में हमारे देश के सम्पन्न हो चका है। अब 2024 में तमिलनाडु में यह आयोजित है। हमें उम्मीद है इस तरह के खेल आयोजन से हमारे उदयीमान खिलाड़ियों के लिए 2024 के पेरिस, 2028 के लास एंजिल्स, 2032 के ब्रिसबेन में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए मार्ग प्रशस्त हो रहा है साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2036 के ओलंपिक खेलों के गुजरात में कराये जाने के इरादे को भी लगातार मजबूती मिल रही है।

नौशेरा में लैंडमाइन विस्फोट, जवान की मौत

श्रीनगर,18 जनवरी।जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ है। बारूदी सुरंग विस्फोट के कारण एक अग्निवीर जवान की मौत हो गई और अन्य दो घायल हो गए। घायल जवानों को आगे के इलाज के लिए हवाई मार्ग से उधमपुर ले जाया गया है। यह घटना सुबह करीब 10:30 बजे 80वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड के तहत 17वीं सिख लाइट बटालियन की जिम्मेदारी के क्षेत्र (एओआर) में फॉरवर्ड डिफेंस लाइन (एफडीएल) से लगभग 300 मीटर की दूरी पर हुई। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब सेना के जवानों की एक गश्ती टीम एलओसी पर नियमित निगरानी कर रही थी। उनकी चोटों की प्रकृति और सीमा का अभी खुलासा नहीं किया गया है। भारतीय सेना सीमा क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण रेखा पर आतंकवाद विरोधी अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल रही है।

एक नजर

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में वालंटियर की भूमिका निभा रहे विधायक देवेंद्र

भिलाई, 18 जनवरी। राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव प्रतिदिन राहुल गांधी के साथ यात्रा कर रहे हैं। बुधवार को न्याय यात्रा बीके टाउन जुन्हेवोटो से शुरू होकर चूचूयिमपांग में सभा के बाद मेटानकांग में सभा को संबोधित करके ओआहिंग में विश्राम करेंगे और कल सुबह 8 बजे पुनः शुरू होगी । विधायक देवेंद्र यादव ने कहा हैं कि एक ओर जहां देश में भाजपा हिन्दू मुस्लिम के बीच नफरत की दीवार खड़ी कर रही है। देश की एकता और अखंडता व लोकतंत्र को दरकिनार करके देश का विभाजन करने में जुटी हुई है। ऐसे में राहुल गांधी जी नफरत की दीवार को तोड़कर भारत की धरती में मणिपुर से मुंबई तक देशवासियों के बीच प्रेम, भाईचारा का हाथ बढ़ा रहे हैं। हमारे देश की मिट्टी की खुशबू फैला रहे है और एकता को मजबूत कर रहे हैं।

हर जगह लगा रहे पौधा और सहेज रहे मिट्टी-भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही रोज यात्रा करने के साथ ही लोगों से मिल रहे हैं। जहां से भी यात्रा गुजर रही है। वहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा को यादगार बनाने के लिए पौधा लगा रहे हैं।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

भिलाई, 18 जनवरी। भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र बाइक से घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन के ठोकर मारने से मौत होने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि जुनवानी जंगल सिघनपुरी निवासी देवदास मानिकपुरी ने शिकायत किया है कि भुनेश्वर दास अपने बाइक में रायपुर से घर आ रहा था इस दौरान नंदिनी टाउनशिप बायपास पहुंचा ही था तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उसे चपेट में लिया। घटना भुनेश्वर गंभीर रुप से घायल हो गया उपचार के लिए उसे अस्पताल में भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई।

स्टील मेल्टिंग शॉप-2 ने रिकॉर्ड स्टील लैडल लाइफ दर्ज की

भिलाई, 18 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 ने लैडल 24 के लिए अब तक की सबसे अधिक स्टील लैडल लाइफ दर्ज की है। 121 साइकल के पिछले सर्वश्रेष्ठ लैडल लाइफ के रिकॉर्ड को पार करते हुए, लैडल नंबर 24 ने 122 साइकल की सर्वश्रेष्ठ लैडल लाइफ दर्ज करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल ने टीम के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग की ऊर्जावान और समर्पित टीम भविष्य में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान बनाएगी। उन्होंने सभी सहयोगी एजेंसियों और सेक्शन्स को भी बधाई दी। इस लैडल ने 14000 टन से अधिक क्रूड स्टील की हैंडलिंग की है। संयंत्र की उत्पादकता में वृद्धि के लिए स्टील लैडल की उपलब्धता बनाए रखने हेतु एसएमएस-2 ने स्टील लैडल्स लाइफ को बढ़ाने की दिषा में ध्यान केंद्रित किया है। लैडल लाइफ को प्रभावी ढंग से बढ़ाने के लिए, विभिन्न नवीन कार्य पद्धतियों को उपयोग में लाया गया है, जिनमें स्लैब बेसिसिटी और ऑनलाइन निरीक्षण सुनिश्चित करना शामिल हैं।

निकट भविष्य में राशन कार्डों का नवीनीकरण संभावित

दुर्ग, 18 जनवरी । दुर्ग जिले में कुल 4,74,440 राशनकार्ड प्रचलित है, जिसमें 16,94,856 सदस्य सम्मिलित है। राशनकार्ड के सभी सदस्यों के ई-कैवाईसी के संबंध में शासन से निर्देश जारी हुए है, किन्तु अब तक 5,67,136 सदस्यों द्वारा अपने आधार कार्ड में नाम, पता या अन्य जानकारियों का संशोधन कराये जाने के कारण उनका पूर्व में दिये गये आधार की जानकारी से मिलान नही हो पा रहा है। इसी प्रकार सभी राशनकार्डों के कम से कम एक सदस्य का मोबाईल नम्बर भी विभागीय डाटाबेस में दर्ज किया जाना है, किन्तु अब तक 1,48,831 राशनकार्डों में पूर्व में दिये गये मोबाईल नम्बर में परिवर्तन या अन्य कारणों से सही मोबाईल नम्बर दर्ज नही है। खाद्य नियंत्रक से प्राप्त जनकारी अनुसार निकट भविष्य में राशनकार्डों का नवीनीकरण संभावित है, जिसके लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों की सही जानकारी की आवश्यकता होगी।

अतः अपील की जाती है कि ऐसे सभी राशनकार्डधारी जिन्होंने अब तक अपने सभी सदस्यों का आधार एवं परिवार का मोबाईल नम्बर उचित मूल्य दुकान के माध्यम से डाटा बेस में दर्ज नही कराया है या अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड में संशोधन कराया है तो अपने राशनकार्ड से संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान में ई-कैवाईसी हेतु अपना/परिवार के सदस्यों का आधार की कापी तथा मुखिया/परिवार के कम से कम एक सदस्य का मोबाईल नम्बर भी जमा करें, जिससे राशनकार्डधारी की सही-सही पूर्ण जानकारी विभाग के डाटाबेस में दर्ज की जा सकें।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

धमतरी, 18 जनवरी । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आगामी 25 जनवरी को जिला स्तर पर किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने इसके मद्देनजर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि 25 जनवरी को अपने अधिनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाया जाना सुनिश्चित करें।

साथ ही उसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के साथ अपलोड करने के बाद पालन-प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाये।

शीतला मंदिर परिसर की सफाई में विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,18 जनवरी। नगर पंचायत उतई शीतला मंदिर परिसर की सफाई आज बुधवार को किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहें पूरे भारतवर्ष में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम के तहत पूरे क्षेत्र के सभी मंदिरो की सफाई की जाएगी सारे हिंदू से निवेदन किया जा रहा हैं कि अपने अपने गांव की मंदिर की सफाई 21 जनवरी तक अवश्य कर ले और 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने घरों में दीपावली उत्सव अवश्य मनाए। आज के इस सफ़ाई अभियान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,जिला मंत्री रोहित साहू,मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,प्रवीण यदु,फलेंद्र सिंह राजपूत,लक्ष्मीनारायण साहू,चंदु देवांगन,पार्षद सतीश चंद्राकर, भीमसेन सिन्हा,योगेश ठाकुर,सरस्वती साहू,नरेंद्र साहू,राजूलाल साहू,आशीष साहू,डॉ अनिल साहू,रूपनारायण शर्मा,रूपेश पारख,करन सेन,भूपेंद्र साहू,चिंटू सिन्हा,बृजमोहन साहू,सोहन रिगरी,घनशयाम चंद्राकर,गिरीश शर्मा,देवेंद्र सिंह राजपूत,हुबलाल चंद्राकार,नीलम गढ़े, खुबीराम साहू,आलोक साहू,दीपक मारकंडे,भूपेंद्र ढीमर,कुमार साहू,भगवती विश्वकर्मा,राजू साहू, राकेश वर्मा, हरीश यादव,गणेश ठाकुर,कांतिलाल साहू,शशिकांत वर्मा,वरुण चंद्राकार,तुकेंद्र ठाकुर,जयेश आडिल,लोकेंद्र साहूशीतला ठाकुर,बिमला कामड़े,लाता सोनवानी,संगीता रजक,ममता चंद्राकर,दनेश्वरी देशमुख,सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।



भिलाई। भिलाई तीन सहायक उपनिरीक्षक को उप निरीक्षक के पद पर दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने पदोन्नत दिया है जिसमें ट्रैफिक से सउनि महेश कुमार मिश्रा, सेवा राम मंडावी, पुलगांव से सउनि हरीश कुमार साहू शामिल है

पिता जगह पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति

भिलाई, 18 जनवरी। भिलाई दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने विभाग में प्रधान आरक्षक श्रवण कुमार शुक्ला प्रधान के पुत्र उमेश शुक्ला को नियुक्ति का आदेश प्रदान किया नौकरी के दौरान श्रवण का आकस्मिक मृत्यु होने पर यह अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण को एसएसपी ने गंभीरता से लेते हुए अनुकम्पा नियुक्ति दिया है सभी प्रक्रिया पूर्ण होने पर उमेश को विभाग में आरक्षक के पद में नियुक्ति आदेश जारी किया गया। इस अवसर पर उमेश की माता भी मौजूद थी

अ. भा. मराठी व्यापारी एसोसिएशन का मेला व सम्मान समारोह हुआ हैदराबाद में

भिलाई, 18 जनवरी। अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन का मेला व सम्मान समारोह हैदराबाद के टी वेली में संपन्न हुआ। इस समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से दस व्यापारियों ने शिरकत की जिसमें छत्तीसगढ़ सोना-चांदी गलाई एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश सचिव एवं माया ज्वेलर्स भिलाई के संचालक राजाराम जाधव ने पदाधिकारियों के साथ मेले में शामिल होकर अपनी बातें रखीं। उन्होंने मराठी व्यापारियों की बहुत पहले से चली आ रही समस्याओं को पटल पर रखते हुए कहा कि अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन ले एक्शन में आने के बाद बहुत सी समस्याएं दूर हुयी हैं। व्यापारी निडर हुए हैं और उनका व्यापार अच्छा चल रहा है। राजाराम जाधव ने कहा कि संगठन का अच्छा फायदा मिल रहा है। इस मेले में अखिल भारतीय मराठी व्यापारी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पाटिल, छत्तीसगढ़ के राजाराम जाधव के साथ ही संदीप घोरपोड़े, नवनाथ अवले, चंद्रकांत देवकर सहित अन्य 10 लोग एवं देश भर से 700 से ऊपर के लोगों की उपस्थिति रही।

कक्षा 10 वी एवं 12 वी के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 18 जनवरी। जिले के समस्त शासकीय हाई / हायर सेकेंडरी विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत विद्यार्थी जो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल हाई / हायर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा 2024 में प्रविष्ट होंगे तथा राज्य के मेरिट सूची में जिनके स्थान अर्जित करने की संभावना है, ऐसे मेघावी विद्यार्थियों का एक दिवसीय प्रावीण्यता उन्नयन, परामर्श, समाधान एवं अभिप्रेरण सत्र का आयोजन दिनांक 16.01.2024 दिवस मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है । यह उत्प्रेरण सत्र मान. कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मान. संदीप अग्रवाल द्वारा विद्यार्थिओं को स्व अनुभव प्रेरक प्रसंग व मार्गदर्शन सह अभिप्रेरणा से विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एम.के.गुप्ता, सहायक संचालक द्वय डी.जी. पात्रा, यु.आर. चंद्राकर एवं प्रशासक सतीश यदु द्वारा अनुभव आधारित सफलता के सूत्र पर चर्चा करते हुए परीक्षोपयोगी टिप्स एंड ट्रिक्स प्रदान किया गया !

जिले के शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी विद्यालयों से गूगल फार्म के माध्यम से कक्षा 10 वी एवं 12 वी के प्रतिभावान विद्यार्थियों की प्रविष्टियां आमंत्रित कर 449 प्राप्त प्रविष्टियों से मेरिट क्रम 26 तक चयन उपरांत कक्षा 10 वी के 100 एवं एवं 12 वी के 100 कुल 200 मेधावी विद्यार्थियों को विषयवार एवं संकायवार परीक्षा उपयोगी ञ्जद्बश्चह्य ड्डठ्ठस्र ञ्जह्लद्बष्ह्य ह्यद्गह्यह्यद्बश्ठ्ठ संचालित किया गया ! जिला मुख्यालय कबीरधाम में दिनांक 16.जनवरी 2024 दिवस मंगलवार को प्रातः 10ः00 से सायं 05.00 बजे तक स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मिडियम स्कूल कवर्धा (न्यू सर्किट हॉउस कवर्धा के सामने) यह उत्प्रेरण कार्य जिले के विभिन्न विद्यालयों के विषय विशेषज्ञों द्वारा जिले के सफल व्यक्तित्व की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिला कार्यालय से जिला शिक्षा अधिकारी एम.के.गुप्ता सहायक संचालक , यू. आर. चंद्राकर एवं सतीश कुमार यदु एम.आई.एस., प्रशासक द्वारा प्रथम सत्र में मार्गदर्शन दिया गया द्वितीय सत्र से जिले के शासकीय विद्यालयों में पदस्थ विषय विशेषज्ञों विषय विशेषज्ञों अंग्रेजी के व्याख्याता संजय कैवर्त, के.आर. साहू हिंदी के व्याख्याता लक्ष्मण मिरी, संस्कृत अमित मिश्रा व्याख्याता, वाणिज्य नीलम यदु, व्याख्याता श्रीमती पूनम तिवारी विज्ञान, समा. विज्ञान एवं कला के लिए व्याख्याता पी.एस. भुआर्य, रोहित बिसेन, कला संकाय, तुषार सिंह ठाकुर भौतिक शास्त्र, जीव विज्ञान श्रीमति नीलिमा जनार्दन, राहुल मिश्रा रसायन शास्त्र, रोहित जायसवाल गणित विषय पर टिप्स एंड ट्रिक्स विद्यार्थिओं से शेयर किए । संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सतीश यदु द्वारा किया गया। दो सत्रों के आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार व दोपहर का भोजन व्यवस्था जिला कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया । समय अंतराल में ख्यातिलब्ध मोटीवेटर के प्रेरणास्पद विडिओ क्लिप्स से विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया गया । छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 2023 में राज्य के मेरिट सूची में स्थान अर्जित करने वाले कबीरधाम जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कक्षा बारहवीं के छात्र पंकज साहु ने स्वयं के सफलता का अनुभव साझा करने आमंत्रित किया गया । समापन समारोह से पूर्व विद्यार्थिओं से फीड-बैक लिया गया ।

श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के 8 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

कवर्धा, 18 जनवरी। राजिम ज़िला में आयोजीत 23वी जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगीता बालक बालिका के लिए कवर्धा ज़िला की बॉल बैडमिंटन टीम की घोषणा की गई जिसमें रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के 8 बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी की घोषणा की गई है उक्त प्रतियोगीता राजिम के स्टेडियम में खेला जाएगा कवर्धा टीम के लिए 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के 8 खिलाड़ी शामिल है बालिका वर्ग में

एकांक्षा श्रीवास ,तमन्ना जायसवाल ,धनिष्ठा मानिकपुरी ,बालक वर्ग में राहुल कुम्भकार ,अथर्व मिश्रा बँटी चंद्रवंशी,आदित्य चंद्रवंशी का चयन उक्त प्रतियोगीता के लिए किया गया है इस टीम में श्री राम कृष्णा पब्लिक स्कूल कवर्धा के 8 खिलाड़ी शामिल है ।

इससे पहले रायगढ़ ज़िले में आयोजीत राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगीता का आयोजन किया गया था जिसमें कवर्धा की बालिका टीम ने प्रथम एवं बालक वर्ग ने द्रितिया स्थान प्राप्त किया था उक्त प्रतियोगीता में सर्वश्रेठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन नेशनल प्रतियोगीता के लिए किया जायेगा ,इस अवसर पर श्री राम कृष्णा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी ,प्राचार्य श्रीमति एम शारदा ,पी टी आई अविनाश चौहान उमेश चंद्रवंशी ,युगलकिशोर रहगंड़ाले अनीश ख़ान ने सभी को बधाई एवं शुभ कामनाएँ दी

निदेशक प्रभारी ने किया एकीकृत पेरीमीटर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का उद्घाटन

भिलाई, 18 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थापित एकीकृत पेरीमीटर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का उद्घाटन बुधवार को संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें) डॉ एम रविन्द्रनाथ, डीआईजी (सीआईएसएफ) सुश्री प्रतिभा अग्रवाल, सीआईएसएफ कमांडेंट अभिजीत कुमार, सम्बंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक एवं इस्पात बिरादरी के अन्य सदस्यों सहित मेसर्स ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि यह वास्तव में भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए एक सुनहरा दिन है, जब लंबे समय से प्रतीक्षित प्रणाली लागू की जा रही है, जो न केवल हमारे उपकरणों, बल्कि हमारे कर्मियों की सुरक्षा से भी संबंधित है। इतना विशाल संयंत्र परिसर होने के कारण सभी अनधिकृत प्रवेश व गतिविधियों को रोकना व्यावहारिक रूप से एक कठिन कार्य है। ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी को शामिल करना शायद सबसे अच्छा तरीका है। प्रौद्योगिकी कुशल कार्य को स्मार्ट तरीके से करना सुनिश्चित करती है। प्रारंभ में महाप्रबंधक एम पी सिंह द्वारा पेरीमीटर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली परियोजना से सम्बंधित तकनीकी विवरण पर प्रस्तुतीकरण दी गई। संचालन महाप्रबंधक रविशंकर द्वारा किया गया।

हिंदी में कामकाज राष्ट्रीय कर्तव्य है हमारा:निशा

भिलाई, 18 जनवरी। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग की 58वीं छमाही बैठक बुधवार को संपन्न हुई। कार्यकारी कार्यपालक निदेशक एवं कार्यकारी अध्यक्ष (नराकास) भिलाई-दुर्ग सुश्री निशा सोनी ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर सुश्री निशा सोनी ने नराकास, भिलाई-दुर्ग की गृह पत्रिका महानदी के मेरी माटी ङ्क मेरा देश विशेषांक का विमोचन किया। सुश्री निशा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कामकाज हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। समेकित प्रयास करके शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने हैं। विगत छमाही में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों के द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन का क्रम लगातार जारी रहा। संस्थान प्रमुखगण एवं हिंदी अधिकारीगण ने हिंदी के प्रयोग में सतत वृद्धि हेतु लगातार प्रयास किए, हमें इन प्रयासों में और तेज़ी लाना है। जिन संस्थानों ने हिंदी की प्रतियोगिताएँ अथवा अन्य आयोजन किन्हीं कारणों से नहीं किए, उनसे उन्होंने अनुरोध किया कि साल में एक बार नराकास स्तरीय एक आयोजन प्रत्येक संस्थान अवश्य ही करवाए। ताकि हमारा नराकास हिंदी के क्षेत्र में सक्रिय एवं अग्रणी बने। उन्होंने कहा कि, हिंदी से कामकाज में आसानी होती है। केन्द्र सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन और उसके माध्यम से हिंदी को प्रोत्साहन का हम सभी हर संभव प्रयास करें और हिंदी में कार्यव्यवहार के लक्ष्य को प्राप्त करें। उप महाप्रबंधक सौमिक डे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने पिछली बैठक की कार्यसूची का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आगामी छमाही की कार्यसूची का वाचन किया। राजभाषा उन्नायक पुरस्कार सुश्री अनुराधा धनांक, उप मण्डल अभियंता भारत संचार निगम लिमिटेड दुर्ग को घोषित किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जिले के 292 गांवों में

धमतरी, 18 जनवरी । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखण्डों के निर्धारित स्थानों में लगातार संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के वनांचल क्षेत्र, कमार बस्तियों सहित अब तक कुल 292 गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची है। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन के आगमन पर ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जा रहा है। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार के तहत रंगारंग आकर्षक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत 292 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

तीन चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 18 जनवरी। भिलाई पाटन थाना क्षेत्र एक साथ हुए तीन चोरी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है पाटन एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया कि ग्राम चीचा में सोना चांदी के जेवरात पार कर मौके से फरार हो गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए पाटन पुलिस और एसीसीयू की टीम जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध को ग्राम चीचा नालीपार से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आपना नाम ग्राम रवेली थाना मुजगहन जिला रायपुर निवासी रामदयाल निर्मलकर बताया है। जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने पुलिस को बताया कि ग्राम चीचा में दिलीप साहू, भीखम लाल साहू, तेज प्रकाश ठाकुर के मकानों में बाइक से पहुंचकर मकान से सोना चांदी के जेवरात को चोरी किया। इसके अलावा नगदी 500 और चिल्हर सिक्का 2 हजार रूपये, भीखम साहू के मकान से डीजल इस्पेयर मशीन जिसकी कीमत 12 हजार, तेज प्रकाश ठाकुर के यहां से एक बोरी धान 800 रूपये का चोरी करना स्वीकार किया आरोपी के निशानदेही पर सारा सामान जप्त कर एक्टिवा बिना नंबर और चोरी करने में उपयोग किए गए राड, फीट पाना को भी बरामद किया गया है। आरोपी रामदयाल को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी पूर्व में भी थाना अर्जुनी, थाना अभनपुर, धमतरी, अमलेश्वर, रानीतराई क्षेत्रों में घुम-घुम कर रेकी चोरी करना स्वीकार किया।

दुर्मा बाई को अब पानी लाने दूर जाना नहीं पड़ता

धमतरी 18 जनवरी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिये जहां कमार बसाहटों में अधिकारी, कर्मचारी पहुंचकर उन्हें शासन की योजनाओं लाभ देने के साथ-साथ योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं। कमार जनजाति के ऐसे हितग्राही, जो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुये वे भी शिविरों में पहुंचकर अपनी कहानी सुना रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिनों नगरी में आयोजित मेगा कार्यक्रम में वनांचल नगरी के ग्राम उरपुटी की दुर्मा बाई भंडारी ने भी अपनी कहानी सुनाई। दुर्मा बाई बतातीं हैं कि उन्हें पहले पानी लाने के लिए काफ़ी दूर जाना पड़ता था। बारीश और गर्मियों में तो काफ़ी परेशानियों के बाद भी थोड़ा बहुत पानी मिल पाता था। जल जीवन मिशन से मिले नल कनेक्शन से उनकी परेशानी दूर हो गई। इसके लिए दुर्मा बाई ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद भी किया। जल जीवन मिशन के तहत् लाभान्वित ग्राम उरपुटी की दुर्मा बाई भंडारी बतातीं हैं कि जल जीवन मिशन के तहत् उनके घर पर नल कनेक्शन लगा है, जिसमें सुबह शाम दोनों टाईम पर्याप्त पानी आता है।इससे उन्हें अब पानी लाने दूर जाना नहीं पड़ता है। दुर्मा बाई बतातीं हैं कि उन्हें पहले पानी लाने के लिए काफ़ी दूर जाना पड़ता था। बारीश और गर्मियों में तो काफ़ी परेशानियों के बाद भी थोड़ा बहुत पानी मिल पाता था।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 जनवरी को

धमतरी, 18 जनवरी । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आगामी 23 जनवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ने बताया कि कम्पोजिट भवन के कमरा नंबर 45 में आयोजित होने वाले इस प्लेसमेंट कैम्प में निरीक्ष क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 70 पदों पर भर्ती के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा।

एक नजर

मोदीराज में अर्थव्यवस्था का बंटाधार

रायपुर,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। मोदी सरकार के आर्थिक नीतियों और वित्तीय कुप्रबंधन पर सवाल उठाते हुये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि केंद्र में मोदी की सरकार आने के बाद से कर्ज और जीडीपी का अनुपात बहुत तेजी से बिगड़ना शुरू हुआ, 2016 में देश पर कुल कर्ज जीडीपी के अनुपात का 45 परसेंट था जो वर्ष 2020-21 में 60 प्रतिशत हो गया और वर्तमान में लगभग 81 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुका है। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने से पहले 2014 में देश पर कुल कर्ज का भार 54 लाख करोड़ था जो वर्तमान में बढ़कर 205 लाख करोड़ हो चुका है अर्थात विगत साढ़े 9 वर्ष में ही कर्ज 380 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान ही देश के 30 बड़े सार्वजनिक उपक्रम बेच दिए गए, बनाए/निर्माण एक भी नहीं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी राज में देश के परिवारों की बचत 50 साल में सबसे न्यूनतम स्तर पर है। ये जीडीपी के अनुपात में 5.1 प्रतिशत पर आ गिरी है, जबकि सरकार का कुल क़र्ज़ (राजकोषीय घाटा-केन्द्र सरकार = 5.9 प्रतिशत, राज्य = 3.1 प्रतिशत) क़रीब 9 प्रतिशत तक रहने का आकलन है। इस हिसाब से पता चलता है कि देश के परिवार जितना बचा रहे हैं, उससे अधिक तो अकेले सरकार को क़र्ज़ लेना होगा। यही सबसे खतरनाक पक्ष है।

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे पिनकापार भागवत में

छूरिया ,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू श्री मद भागवत गीता ग्राम पिनकापार में महाराज जी का हफ्ते भर से चल रहा है वहा पहुंच कर महाराज जी से आशीर्वाद लिए और जन मानस भक्त प्रेमी को संबोधित किया. साहू जी ने कहा की सनातन धर्म की जब भी बात हो चाहे भागवत गीता रामायण कथा शिव महापुराण गांव गांव में हो रहा है उसमे प्रत्येक आदमी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए इससे हमारे छोटे छोटे बच्चे आगे की पिड़ही को प्रेरणा मिलता है भगवत सुनने से मन को शांति मिलती है.

पचपेड़ी में 18 को मड़ई मेला एवं त्रिदिवसीय मानसगान सम्मेलन 20 जनवरी से

अंवरी,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। ग्राम पचपेड़ी में त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान सम्मेलन का आयोजन दिनांक 20, 21 एवं 22 जनवरी को रखा गया है7 जिसमें प्रथम दिवस 20 जनवरी को 9 ख्याति प्राप्त मानस मंडली,21 जनवरी को 09 मानस मंडली एवं 22 जनवरी को 04 मानस मंडली प्रभु श्रीराम की महिमा का रसपान कराएंगे । साथ ही 18 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए राधा कृष्ण छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम दुर्रे बंजारी की प्रस्तुति होगी।

प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर भाजपा का स्वच्छता अभियान जारी

राजनांदगांव,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश के सभी मंदिरों और पुजा स्थलों पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला भाजपा

अध्यक्ष श्री रमेश पटेल के निर्देशानुसार जिला स्वच्छता संयोजक शिव वर्मा, मंडल संयोजक हकीम खान एवं रघुवीर वाधवा के नेतृत्व में आज जिला भाजपा कार्यालय के निकट श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने झाडु लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश पटेल ने कहा कि आगामी बाइस जनवरी हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा 500 वर्षों की प्रतीक्षा खत्म होने के बाद अयोध्या में श्री राम लला पधारने वाले है स्वागत की तैयारी में पुरे देश वासी जुटे हुए है।

मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूँगा,वे हमारे हीरो हैं:विष्णु देव साय

बालोद,18 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है यहां भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी इसके लिए उत्सव सा माहौल है। आज बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को रामचरितमानस का वितरण भी किया। आज यहां तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा 3000 मानस ग्रंथों का वितरण किया। इसके पूर्व 48 हजार ग्रंथों का वितरण हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कांकेर सांसद श्री मोहन मंडावी ने इस संबंध में निश्चय किया था कि 51 हजार मानस प्रति बांटकर लोगों के समक्ष श्रीराम का आदर्श अधिकाधिक संख्या में प्रसारित करेंगे। आज गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स की टीम ने वितरण के पश्चात इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया। गुंडरदेही में रामचरितमानस को पूरी प्रतिष्ठा के साथ लाल कपड़े में बांधकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया। श्रद्धालुओं ने इसे सिर माथे लिया। लगभग 3000 लोगों ने मानस को सिर माथे रखकर श्रीराम के जयजयकार के नारे लगाये और पूरा माहौल राममय हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्रीराम की जयकार के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मैं कांकेर सांसद श्री मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूँगा। उन्हें हीरो कहूँगा, उन्होंने मानस वितरण को लेकर बहुत अच्छा काम किया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बालोद आया, आपकी आत्मीयता के लिए आपका स्वागत करता हूँ। आज यहां 173 करोड़ रुपए से अधिक राशि का लोकार्पण भूमिपूजन किया। श्री मंडावी 2002 से मानस वितरण का कार्य कर रहे हैं। आज उन्होंने 3000 प्रतियां वितरित कर 51 हजार मानस वितरित करने का का पूरा कर लिया है। इससे पहले वे 48 हजार मानस वितरित कर चुके हैं। इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मंडावी ने अपना ही नहीं, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने 51 हजार परिवारों में मानस पहुंचाने का काम किया है। साथ ही हर घर तुलसी चौरा हो, इसके लिए भी उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित किया है। यह बहुत अच्छा काम है। राम चरित मानस के वितरण से बेहतर समाज के निर्माण की दिशा तय होती है। इस महती कार्य के लिए श्री मंडावी को बधाई देता हूँ। यह कार्य ऐसे शुभ समय में हो रहा है जब 22 तारीख को अयोध्या धाम में श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने वाली है। चारों ओर उत्सव का माहौल है। मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक मंदिरों में साफसफाई का काम हम लोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है।

पूरे जिले में घूमेगा यातायात रथ और सड़क सुरक्षा के प्रति करेगा जागरूक

राजनांदगांव,18 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिन अति.पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात

श्री हेमप्रकाश नायक, निरी. नवरतन कश्यप, सउनि कुंजलाल साहू एवं अन्य यातायात स्टॉफ की उपस्थिति में यातायात रथ को हरी झण्डी दिखाकर यातायात शाखा से रवाना किया गया, यातायात रथ अगले एक माह तक पूरे जिले में भ्रमण करेगा एवं गांव-गांव जाकर यातायात नियमों का उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने जागरूक करेगी। यातायात रथ के प्रचार अभियान का पहला दिन थाना सोमनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बघेरा मंडई, सोमनी एवं आसपास के ग्रामों में लाउड स्पीकर एवं पाम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों का पालन करने बताया गया। शहर के जय स्तंभ चौक एवं गंज चौक में कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज के विद्यार्थी कलाकारों के द्वारा वाहन चालकों की लापरवाही के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली भीषण नुकसान के बारे में जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया जा रहा है। शहर के मुख्य चौक चौराहों में स्कूली छात्रों, एनसीसी, स्काउट गाईड एवं नेहरू युवा कल्याण स्वयं सेवी संस्था के द्वारा पाम्पलेट वितरण कर आम जनता को यातायात नियमों का पालन करने बताया गया व तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालात में कभी भी वाहन न चलाये, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। कल दिनांक 18.01.2024 को डोंगरगढ़ में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यातायात रथ का प्रचार-प्रसार अभियान लगातार जारी रहेगा।

नक्सलियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग करने की बात बचकानी:शुक्ला

रायपुर,18 जनवरी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार समझ ही नहीं पा रही कि उसे क्या करना है? राज्य के गृहमंत्री पहले तो कहते है नक्सलियों से सख्ती से निपटा जायेगा, अब उनका बचकाना बयान आया है कि नक्सलवादियों से वीडियों कांफ्रेंसिंग माध्यम से बात करेंगे। गृहमंत्री के बयान से बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या सरकार के पास नक्सलियों के बारे में पूरी जानकारी है? सरकार को यह पता है कि अमुक व्यक्ति नक्सल गतिविधि में लिप्त है, जब सरकार के पास इतनी पुख्ता जानकारी है तो फिर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने से रोक कौन रहा है? सरकार नक्सलियों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय खुद पहल करके बात करने वह भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत का प्रस्ताव क्यों रखा है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार बने एक महिने पूरा हो गया है अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपना कोई राय नहीं बना पाई है। सरकार मति भ्रम का शिकार है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद पर एक ठोस नीति बनाया था विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर कांग्रेस सरकार आगे बढ़ी थी जिसके सकारात्मक परिणाम आये और राज्य में नक्सली गतिविधियों में 80 प्रतिशत तक की कमी आई थी तथा रमन राज में नक्सलवाद 15 जिलों तक पहुंच गया था कांग्रेस सरकार के 5 सालों में बस्तर के सूदुर क्षेत्रों तक सिमट गया था। वर्तमान भाजपा सरकार के अनिर्णय के कारण राज्य में एक बार फिर नक्सली गतिविधियां बढ़ गई है।

शासन के आदेश को चुनौती देने वाले जनपद सीईओ लोकनाथ पटेल को हटाने पंचायत सचिव हुए लामबंद

सीईओ पर अपने अधीनस्थ कर्मचारी एवं पंचायत सचिवों से दुर्व्यवहार करने का आरोप

नगरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

नगरी जनपद में पदस्थ सीईओ लोकनाथ पटेल पर अपने अधीनस्थ कर्मचारी एवं पंचायत सचिवों से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पंचायत सचिवों ने सीईओ लोकनाथ पटेल को नगरी जनपद से तत्काल हटाने की मांग किए हैं, विकास खंड के पंचायत सचिवों ने सीईओ को हटाने मोर्चा खोल दिया है,आपको बता दें कि दिनांक 17/01/2024 को गोंडवाना भवन नगरी में सचिव संघ अध्यक्ष अनीत ध्रुव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया, सचिव संघ के इस विशेष बैठक में जनपद पंचायत नगरी सीईओ के द्वारा 17/12/2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भरे महफिल में ग्रामीणों एवं,जनपद स्टॉप, के सामने मुख्य अतिथि की स्वागत को लेकर सीईओ लोकनाथ पटेल द्वारा सचिव से अभद्रता पूर्वक व्यवहार कर गाली गलौज किया गया तथा पंचायत भवन में धमकी भरे लहजों से तुम्हे देख लूंगा तुझे छोडूंगा नही करके धमकाया गया, ऐसी प्रवृत्ति हमारे अन्य सचिव साथियों से भी किया जा चुका है,अधिकारी के इस कृत्य पर सचिव संघ निंदा प्रस्ताव पारित कर सीईओ को हटाने की मांग कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी से किये है। गौरतलब है कि उक्त सीईओ का नगरी जनपद में जब से पदस्थापना हुआ है तब से अपनी मनमानी पूर्वक कार्य की वजह से जाने जाते हैं, उनके खिलाफ लिखित में भी कई बार शिकायत हो चुका है, इसके बावजूद भी उक्त सीईओ पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है, इसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं, ज्ञात हो कि शासन ने उक्त अधिकारी का स्थानांतरण कर चुका है लेकिन उक्त अधिकारी ने शासन को ही चुनौती दे डाला और स्थानांतरण के खिलाफ हाई कोर्ट से स्टे ले आया है, जिसके कारण अधिकारी का मनोबल काफी ऊंचा हो गया है, कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त इस अधिकारी के कार्यकाल की जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचार का पोल खुल जाएगा,

रामलला की प्राणप्रतिष्ठा पश्चिम विधानसभा में पर्व की तरह मनाई जाएगी : जयंती पटेल

रायपुर,18 जनवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में रायपुर उत्तर विधानसभा की आवश्यक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष जयंती पटेल और विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में किया गया जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने बैठक में राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर विस्तृत चर्चा एवं जरूरी निर्देश दिए सनद रहे की 14 जनवरी से 21 जनवरी तक पूरा हफ्ता राम मंदिर से जुड़े अयोजनो के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है जिसमे अपने वार्ड और मोहल्ला क्षेत्र के सभी छोटे बड़े मंदिरों में स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता और धार्मिक स्थानों की पवित्रता का संदेश देना , आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर निर्माण होने जा रहा है जिसको लेकर समग्र हिंदू समाज में खासा उत्साह है भारतीय जनता पार्टी भी इस अवसर को यादगार और विशेष बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती भाजपा राम मंदिर निर्माण को बड़े उत्सव के रूप में मानने की तैयारी में है ।

जयंती पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है 550 वर्षो की लंबी प्रतीक्षा के पश्चात हमारे प्रभु श्री राम जी की जन्मस्थली पर का भव्य मंदिर बनकर भक्तो के दर्शन के लिए आरंभ कर दिया जाएगा हम सभी को मिलकर इस अवसर को बेहद विशेष और ऐतिहासिक बनाना है यह ऐसा अविष्मरणीय उत्सव हो जाए जो देश विदेश में ऐतिहासिक रहे इसके लिए हर हिंदू परिवार को इस पर्व से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है रायपुर के सभी 16 मंडलों और 70 वार्डों में कार्यकर्ताओ को सजावट से लेकर भजन कार्यक्रम और प्रभात फेरी , कलश यात्रा जैसे कार्यक्रमों सक्रिय भागीदारी निभानी है जिसमे हमारे सभी अनुसांगिक संगठनों का भी सहयोग और सामंजस्य स्थापित कर सफलता पूर्वक भजन कीर्तन सहित प्रभात फेरी संपन्न हो , 22 जनवरी श्री राम जी के मंदिर लोकार्पण के सुअवसर पर हमे प्रत्येक सनातनी परिवार को कम से कम 5 दीपक जलाने और एक भगवा ध्वज लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है जो सक्षम ना हो उसके यहां आपसी और सामाजिक सहयोग से दीप प्रज्वलन होना चाहिए । हमने दशकों से एक प्रण लिया था जिसमे हमारा प्रमुख नारा था ÷राम लला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनाएंगे ÷ जो 22 जनवरी को मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के साथ अक्षरसह पूर्ण होने जा रहा है प्रभु श्री राम का भव्य गगनचुंभी मंदिर बनकर तैयार है और राम भक्त मंदिर दर्शन कर अपने पूर्वजों की सदियों पुरानी प्रतिज्ञा को पूर्ण होते देखने पुण्य लाभ हासिल करेंगे , हमारी नवनिर्मित सरकार ने भी राम लला के दर्शन का वादा प्रदेश की जनता से किया जिसको प्रदेश के मुख्यमंत्री की सहमति भी प्राप्त हो गई है जिसके तहत सरकारी योजना से प्रथम चरण में प्रदेश के वयोवृद्ध राम लला के दर्शन के लिए जायेंगे उसके पश्चात क्रमशः पूरे प्रदेश के राम भक्त दर्शन हेतु जा सकेंगे हम वचनबद्ध है की छत्तीसगढ़ में निवास करने वाला एक एक राम भक्त राम लला के दर्शन लाभ ले सके हम सभी को प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर को ऐतिहासिक उत्सव के रूप में मानना है बाजा गाजा , भजन मंडलियों द्वारा भजन प्रस्तुति , आतिशबाजी , विद्युत साज सज्जा , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ मंदिर आवाह्न पर मंदिर प्रांगण और आस पास स्वच्छता अभियान और भक्तों को मंदिर के कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण जैसे अन्य कार्यक्रमों में सक्रियता से अपना योगदान देना हम सभी कार्यकर्ताओ का कर्तव्य ही नही अपितु सौभाग्य है राम के काज में गिलहरी सा योगदान हम सभी का हो । उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बैठक में कार्यकर्ताओ पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा की दशकों बाद हमारे राम जी का मंदिर निर्माण हुआ है हम सौभाग्य शाली है जो मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा अपनी आंखो से देख पा रहे हैं हम सभी कार्यकर्ता को ऐसी तैयारी करनी है जिससे ना सिर्फ उत्तर विधानसभा अपितु पूरी राजधानी राम मय हो जाए घर घर दीपावली की तरह दीप जलाएं हर घर भगवा ध्वज लगाया जाए.

मंत्री को श्रमिकों की समस्याएं बताई

रायपुर,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। आज छत्तीसगढ़ सीमेंट एवं खदान कल्याणकारी श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मंडल जिसमें शंकर सिंह निर्मलकर नरेंद्र यादव कमलेश वर्मा रोम दास सत्येन्द्र सोनी गंगा राम बंजारे आदि शामिल थे श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जी से मिलकर श्रमिकों की

समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया एवं मांग पत्र सौंपा जिसमें यह मांग किया गया कि रायपुर बलौदा बाजार क्षेत्र में आठ सीमेंट उद्योग है यहां नियमित बेजबोर्ड श्रमिक एवं ठेका श्रमिक एक साथ एक समान एक ही प्रवृत्ति के काम करते हैं इसलिए इन ठेका श्रमिकों को भी नियमित बेजबोर्ड श्रमिकों के समान एक समान काम एक समान वेतन मिलना चाहिए एवं ठेका श्रमिकों को भी नियमित बेजबोर्ड श्रमिकों के समान मंहगाई भत्ते का निर्धारण प्रत्येक तीन में किया जाना चाहिए।ठेका श्रमिकों को नियुक्ति पत्र दिया जाना चाहिए जिसमें यह दर्शाया जाए कि श्रमिक किस जगह पर किस काम के लिए नियोजित है। रात्रि पाली में काम करने वाले श्रमिकों को रात्रि पाली भत्ता प्रति घंटे चालीस रुपए के हिसाब से मिलना चाहिए। सीमेंट उद्योगो में काम करने वाले श्रमिकों को न्युनतम वेतनमान पच्चीस हजार रुपए महीने मिलना चाहिए। कर्मचारी राज्य बीमा निगम में हितलाभ लेने की जानकारी उद्योगों के बाहर स्पष्ट रूप से हिंदी में लिखा जाना चाहिए इस प्रकार श्रमिकों के हितों के लिए श्रम कानून का पालन उद्योगों में दृढ़ता से कराने की मांग किया गया।

45 गिरफ्तारी वारंट, 3 स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों को गिरफ्तारी वारंट/स्थाई वारंट की तामिली हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तारतम्य में दिनांक 16.01.2024 से 17.01.2024 तक विगत दो दिनों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के पर्यवेक्षण में नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अमित पटेल, एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम एवं डी.एस.पी. डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के नेतृत्व में उनके अनुविभाग के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा

अपने-अपने थाना के बलों के साथ वारंट तामिली हेतु गिरफ्तारी वारंट/स्थाई फरार वारंटीयों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 03 गिरफ्तारी वारंट, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 07 गिरफ्तारी वारंट, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 09 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 04 गिरफ्तारी वारंट, ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 04 गिरफ्तारी वारंट, ओपी सरगी पुलिस द्वारा 01 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 03 गिरफ्तारी वारंट, थाना छुरिया पुलिस द्वारा 01 गिरफ्तारी वारंट, थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा 01 गिरफ्तारी वारंट, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 03 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, थाना घुमका पुलिस द्वारा 01 गिरफ्तारी वारंट थाना गेंदाटोला पुलिस द्वारा 02 गिरफ्तारी वारंट जो माननीय न्यायालय से जारी वारंट तामील हेतु अभियान के तहत् विभिन्न अपराधों में कुल 48 वारंट जिसमें 45 गिरफ्तारी वारंट, 03 स्थाई वारंटों की तामिली कर आरोपियों को संबंधित न्यायालयों में पेश किया गया। राजनांदगांव पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वारंटियों की पतासाजी की जा रही है आगे भी यहा कार्यवाही जारी रहेगी।

अवैध गांजा बिक्री करने वाला बंदी

राजनांदगांव,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)। श्री मोहित गर्ग व श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहूल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध गांजा की बिक्री परिवहन पर रोक लगाने एवं गांजा के पुरे चैनल को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन मे दिनांक 15.01.2024 को अवैध गांजा परिवहन करते हुए चौकी चिचोला के द्वारा आरोपी गणों को पकड़ा गया था विवेचना दौरान आरोपीगणों ने बताया की ग्राम साकोली सौंदड निवासी संजय के द्वारा उक्त गांजा का आर्डर देने से आरोपी गणों द्वारा उसे गांजा सप्लाई की जा रही है! आरोपियों के मोबाइल से संजय का

मोबाइल नम्बर प्राप्त कर साकोली जिला गोदिया महाराष्ट्र जाकर आरोपी संजय को गिरफतार किया गया आरोपी काफी समय से उडीसा से गांजा मंगाकर साकोली महाराष्ट्र में गांजा की अवैध बिक्री करता था। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध के एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को दिनांक 16.01.2024 के 17.00 बजे विधिवत् गिरफतार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया माननीय न्यायालय द्वारा रिमाण्ड पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी चिचोला के प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल उनि ,सुमेन्द्र कुमार खरे ,सउनि विनोद वर्मा आरक्षक 160 देवीलाल साहू का कार्य सराहनीय रहा।

छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम,यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

राजनांदगाव ,18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव के दिशा निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आज दिनाक 17.01.2024 को थाना प्रभारी लालबाग द्वारा उच्चतर माध्यमिक शाला करमतला में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट, अभिव्यक्ति ऐप, नशा उन्मूलन व ट्रैफिक नियमों पर जागरूक किया गया । थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम ने बताया कि दिन प्रतिदिन साइबर अपराध बढ़ते जा रहे हैं इसलिए हमें मोबाइल पर ऑनलाइन शॉपिंग, सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर विशेष सतर्कता व सावधानी बरतने की जरूरत है। साइबर फ्रॉड के शिकार पढ़े लिखे लोग भी हो रहे है

इसलिए सभी का जागरूक होना बहुत जरूरी है और जागरूकता से ही साइबर ठगी का शिकार होने से बचा जा सकता है । थाना प्रभारी ने छात्राओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप पर अंजान व्यक्तियों के फ्रेण्ड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने से बचने और ऐसे लोगों से चैटिंग, विडियो कॉल से बचने कहा गया और एटीएम फ्रॉड तथा फेक कॉल के जरिये फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगने, बीमा पॉलिसी, वाउचर जीतने, लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, डीलरशिप के लिए संपर्क करने वाले और घर बैठे लाखों कमाने जैसी जानकारी देने वालों से सर्तक करने और अंजान व्यक्तियों को ह्क्क्ष शेयर नहीं करने की जानकारी दिए । थाना प्रभारी ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव तथा यातायात नियमों का पालन करने हेल्मेट का उपयोग करने संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई.

संपादकीय

साय सरकार ने बनाया धान खरीदी का नया रिकार्ड

छत्तीसगढ़ अलग राज्य बने दो दशक से ज्यादा समय हो गया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ ने कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व तरक्की की है। जब राज्य नहीं बना था तो इसी तरक्की की कल्पना की जाती थी कि छत्तीसगढ़ अलग राज्य बनेगा तो राज्य के लोगों को क्या फायदा होगा, किसानों को क्या फायदा होगा। राज्य हर क्षेत्र में कैसे तरकक्की करेगा, कितनी तरक्की करेगा। आज वह सब राज्य में हो रहा है तथा इस पर राज्य के लोग गर्व भी करते हैं। हर राज्य की तरक्की में वहां के राजनीतिक दलों व उनकी सरकार तथा उनके समय में हुए कामकाज का भी प्रभाव होता है। जब राज्य नहीं बना था तो जितना धान राज्य के किसान उगाते थे, उसका उनको वाजिब दाम तक नही मिलता था। जब राज्य बना तो राज्य में धान खरीदी का कोई अच्छा सिस्टम नहीं था। आंकडों के मुताबिक राज्य में 23 लाख टन धान का उत्पादन होता था और 4 लाख 63 हजार टन की सरकारी खरीद होती थी। अलग छत्तीसगढ़ राज्य बननने के बाद भाजपा की रमन सरकार ने धान में खरीदी का एक सिस्टम बनाया। साल 16-17 के बाद राज्य में धान की खरीदी तेज हुई और उसके बाद तेज होती चली गई। आंकड़ो के मुताबित 16-17 में 69.59 लाख टन धान की खरीदी हुई। 17-18 में 57 लाख टन की,19-20 में 88 लाख टन की,20-21 में 92 लाख टन की,21-22 में 98 लाख टन की,22-23 में 107 लाख टन की धान खरीदी हुई थी और अब तक 108 लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है तथा यह साय सरकार का नया धान खरीदी का रिकार्ड है। इतना धान आज तक किसी सरकार ने नहीं खरीदा था। अभी धान खरीदी में दो सप्ताह का समय बचा है। साय सरकार को उम्मीद है कि आखिरी दिन तक 130 लाख टन धान की खरीदी हो चुकी होगी। यह भी राज्य का सबसे ज्यादा धान खरीदी का रिकार्ड होगा। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा धान की खेती होती है और सरकार बनने के बाद राज्य के किसानों को ज्यादा से ज्यादा धान हर साल खरीदा गया है तथा हर साल ज्यादा से ज्यादा से ज्यादा से पैदा दिया भी गया है। जितना पैसा राज्य के किसानों को धान का मिलता है, उतना पैसा देश के और किसी राज्य के किसानों को नहीं दिया जाता है। यह भाजपा के कारण ही संभव हुआ है क्योंकि जनता ने राज्य में ज्यादा समय सेवा करने का मोका भाजपा को दिया है। अब तक तीन बार भाजपा की सरकार राज्य में रह चुकी है, चौथी बार जनता ने साय सरकार को मौका दिया है तो साय सरकार ने मात्र 100 दिन में ही भूपेश सरकार से अच्छा काम करके दिखा दिया है कि छत्तीसगढ़ में जनता की सेवा करने का मौका भाजपा को मिलता है तो वह बिना भ्रष्टाचार किए जनता की सेवा भूपेश सरकार से ज्यादा अच्छे तरीके से करती है। भाजपा ने जनता की सेवा अच्छे से की इसलिए भाजपा की रमन सरकार को जनता ने तीन बार सेवा का मौका दिया।वहीं कांग्रेस को दूसरी बार मौका दिया तो वह जनता की सेवा तो की लेकिन राज्य में चौतरफा भ्रष्टाचार भी होने दिया। कहीं कोई कोल घोटाला कर रहा था,कहीं कोई अनाज घोटाला कर रहा था, कहीं कोई शराब घोटाला कर रहा था, कही कोई महादेव सट्टा घोठाला कर रहा था,कहीं कोई डीएमएफ घोटाला कर रहा था, कहीं गोठान के नाम पर घोटाला हो रहा था तो कहीं गोबर घोटाला हो रहा था। कांग्रेस के शासन काल में कुछ अच्छे काम तो हुए उनकी सराहना भी की गई लेकिन पांच साल में भ्रष्टाचार का जो तंत्र ऊपर से नीचे तक बन गया था वही सबसे बुरा था। यही वजह है कि अच्छा काम करने के बाद भी भूपेश सरकार से जनता का मोह भंग हो गया तथा जनता को यह बात समझ में आ गई थी कि अच्छे काम के कारण भूपेश सरकार को यदि दोबारा मौका दिया गया तो वह कुछ अच्छा काम तो करेगी लेकिन राज्य में भ्रष्टाचार और बढ़ जाएगा। यही वजह है कि जनता ने मोदी की गारंटी पर यकीन किया और भाजपा को चौथी बार सरकार बनाने का मौका दिया। भाजपा सरकार के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है कि वह राज्य में व्यापक तौर पर भ्रष्टाचार न होने दे। जनता अच्छे काम को तो पसंद करती है लेकिन वह अच्चे काम की आ़ड़ में कोई भ्रष्टाचार करे तो यह पसंद नहीं करती है, वह कितनी भी अच्छी सरकार हो जनता उसे सेवा करने का मौका नहीं देती है।

भारत का 54 वां विश्व आर्थिक मंच की थीम बिल्डिंग ट्रस्ट के तहत चर्चा व संवाद का जोरदार आगाज़

अहम आयोजन

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के अनेकों देश अनेकों वैश्विक मंचों पर साझा प्रतिभागी बनाकर, वैश्विक सम्मेलन की साझा चर्चा कर आपसी सहमति से उसका हल निकालते हैं, जो सभी देशों के आर्थिक स्वास्थ्य मानवीय सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, आपसी मतभेद मिटाने सहित अनेकों समस्याओं का सजा हल निकाला जाता है यह मंच प्रतिवर्ष अपना सम्मेलन करते हैं। ऐसा ही एक अवसर हर देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए इस कार्य व अन्य संबंधित विषयों को लेकर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्विट्जरलैंड के दावोस में 15 से 19 जनवरी 2024 तक आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत के एक महिला केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में दो अन्य मंत्रियों का दलसम्मिलित हुआ है जो डब्ल्यू ई टी मंच के हर क्षेत्र और वहां के अलग-अलग संबंधित मंचों पर तीन केंद्रीय मंत्रियों ने व्यापक चर्चा व भारत की गाथाओं व विकसित भारत संकल्प की चर्चा कर भारत के अवसरों को सामने लाने व वैश्विक निवेशकों के सामने भारत की गाथा समर्थित अवसरों संबंधित अवसरों में रखी जिसकी सारी क्लिप दिनांक 17 जनवरी 2024 को देर रात दूरदर्शन पर साझा की गई जिससे प्रेरित होकर मैने आज यह आर्टिकल इस विषय पर लिखने के लिए चुना 15 से 19 जनवरी 2024 के पांचो दिन भारत 54 वांटसीडब्ल्यू की थीम बिल्डिंग ट्रस्ट के तहत चर्चा व समाज का जोरदार आगाज दिखाया है इसलिए आज हम मीडिया में पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत के अवसरों को सामने लाने व वैश्विक निवेशकों को के सामने भारत की गाथा रखने का स्वर्ण असम अवसर चोपन और डफ 2024 है।

साथियों बात अगर हम डब्ल्यूईएफ बैठक 15से 19 जनवरी 2024 की करें तो, विश्व आर्थिक मंच की बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महिला एवं बाल विकास मंत्री करेंगी। उनके साथ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्र और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डीपीआई ह हैं। विश्व आर्थिक मंच के विभिन्न सत्रों में प्रतिनिधिमंडल अन्य वैश्विक राजनीतिक और व्यापारिक लीडर्स की उपस्थिति में शिक्षा, जैव ईंधन,लिंग अंतरनवीकरणीय, सेमीकंडक्टर और विनिर्माण के विषयों पर अपने विचार रखेगा।विश्व आर्थिक मंच में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति चार अलग-अलग स्थानों को सुरक्षित कर चिह्नित की गई है। इनमें से प्रत्येक भारत के अवसरों को सामने लाने और वैश्विक निवेशकों के सामने अपनी विकास गाथा रखने को समर्पित है। 15 जनवरी से 19 जनवरी 2024 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित हो रही 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक दमदार कहानी सामने लाता है। भारत व्यापक विषय 'बिल्डिंग ट्रस्ट' के तहत चर्चा और संवाद का दावा करता है। विश्व आर्थिक मंच की चुनी गई कार्य योजनाएं भारत के दृष्टिकोण जैसे विकास, कार्बन तटस्थता, स्थिरता, मजबूत अर्थव्यवस्था और 'वसुधैव कुटुंबकम : द वर्ल्ड इज वन फैमिली(विश्व एक परिवार है)' की अवधारणा से मेल खाती हैं। इसे भारत ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान अपना समर्थन दिया था। दावोस में भारत की उपस्थिति हर परिस्थिति के अनुकूल वैश्विक अर्थव्यवस्था और पसंदीदा निवेश स्थान के रूप में इसकी स्थिति को सशक्त करती है। विश्व आर्थिक मंच में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति चार अलग-अलग स्थानों को सुरक्षित कर चिह्नित की गई है। इनमें से प्रत्येक भारत के अवसरों को सामने लाने और वैश्विक निवेशकों के सामने अपनी विकास गाथा रखने को समर्पित है,(1)इंडिया एंगेजमेंट सेंटर,यह लाउंज (कक्ष) भारत की विकास गाथा को सामने लाएगा। इसमें डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र का प्रदर्शन किया जाएगा। वैश्विक स्तर के महत्वपूर्ण स्तंभों पर सीधी बातचीत संवाद को समृद्ध करेगी(2)एक्सपीरियंस इंडिया सेंटर : यह लाउंज नए भारत द्वारा संचालित तकनीकी में उछाल, इसकी जीवंत संस्कृति के साथ स्थिरता और समावेशिता की प्रतिबद्धताओं का अनावरण करेगा।(3)इंडिया इन्वेस्टमेंट सेंटरः यह सरकार-से-व्यवसाय (जी2बी) और व्यवसाय से व्यवसाय (बी2बी) नेटवर्किंग के केंद्र के रूप में काम करेगा, महत्वपूर्ण विषयों पर गोलमेज सम्मेलन, सत्र और पैनल की मेजबानी करेगा।(4)वी लीड लाउंज : इस वर्ष एक समर्पित जेंडर लाउंज 'वी लीड लाउंज' जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी, वित्तीय समावेशन और डिजिटल जेंडर अंतर को पाटने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इंडिया एंगेजमेंट सेंटर ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी के साथ-साथ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डीपीआईआईटी के सचिव श्री आर.के. सिंह की उपस्थिति में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग की मेजबानी की। इस ब्रीफिंग में विश्व आर्थिक मंच 2024 में भाग लेने के लिए दावोस में मौजूद भारतीय व्यापार जगत के लीडर्स और उद्योग मंडलों ने भाग लिया। सार्थक संवादों और पहलों के लिए इंडिया सेंटर मुख्य स्रोत के रूप में काम करता है, जो अंतरराष्ट्रीय मोर्चों पर सहयोग व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करता है.भारतीय केंद्रों पर पहले दिन की शुरुआत 'सीमाओं से परे : विश्व मंच पर भारत का प्रभाव' विषय पर दमदार पैनल चर्चा के साथ हुई। आधारशिला कार्यक्रम के रूप में आयोजित इस पैनल ने वैश्विक परिदृश्य में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला। इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से पीएचडीसीसीआई ने इस पैनल का आयोजन किया, जिसने वैश्विक मंच पर भारत के योगदान और प्रभाव की व्यापक खोज की, जो भौगोलिक सीमाओं से परे होने की अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।विश्व आर्थिक मंच में 5 दिनों की अवधि में कुल 21 सत्र आयोजित किए जाएंगे। भारत अपने अवसरों का प्रदर्शन करेगा और विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, लिंग आधारित प्रभाव, स्थिरता, गतिशीलता, स्टार्टअप, हेल्थकेयर, एआई आदि पर चर्चा के लिए दरवाजे खोलेगा। इंडिया लाउंज के साथ मिलकर विश्व आर्थिक मंच में पांच राज्य लाउंज की स्थापना भारत की समेकित और प्रमुख भूमिका को रेखांकित करती है, जो वैश्विक स्तर पर सहयोग और चर्चा को बढ़ावा देती है। इन 5 राज्यों में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों की संख्या 80 से अधिक है और कुछ भारतीय कंपनियों ने दावोस में लाउंज के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। सीआईआई भारत की विकास गाथा के विभिन्न पहलुओं और बी20 में भारत के सफल नेतृत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सत्रों और मीडिया पैनलों की श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके अलावा पीएचडीसीसीआई भारत में अवसरों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को प्रदर्शित करने के लिए भी सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

साथियों बात अगर हम विश्व आर्थिक मंच को समझने की करें तो, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में पेमेंट करने वाले सदस्यों और चयनित आमंत्रित होने वाले सहित लगभगतीन हज़ार प्रतिभागी एक साथ आते हैं। इन प्रतिभागियों में निवेशक, व्यापारिक नेता, राजनीतिक नेता, अर्थशास्त्री, मशहूर हस्तियां और पत्रकार शामिल होते हैं। डब्ल्यू ई की बैठक आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों सहित वैश्विक मुद्दों की एक विस्तृत सीरीज पर केंद्रित है। इसकी चर्चाओं में भू-राजनीति, जलवायु परिवर्तन, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और बहुत कुछ जैसे विषय शामिल हैं। बैठक में लगभग 500 सेशन होते हैं, जो पैनल डिस्कशन, वर्कशॉप्स और प्रजेंटेशन जैसे विभिन्न फॉर्मेट में आयोजित किए जाते हैं। ये सेशन प्रतिभागियों को अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने में सहयोग करने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं। फोरम हितधारक जुड़ाव के महत्व पर जोर देता है। यह वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने में विविध प्रकार के दृष्टिकोण और विशेषज्ञता सुनिश्चित करने के लिए व्यवसाय, सरकार, नागरिक समाज और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है।इसकी मीटिंग प्रतिभागियों के बीच नेटवर्किंग और सहयोग के पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। यह विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं को जुड़ने, रिलेशन बनाने और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संभावित साझेदारियों का पता लगाने की अनुमति देता है। इसके अलावा, मुख्य सेशन के अलावा, दब मीटिंग में तमाम साइड इवेंट (प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक प्रदर्शन और सामाजिक समारोह) भी शामिल होते हैं।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 54 वां विश्व आर्थिक मंच 15-19 जनवरी 2024 दावोस स्वीटजरलैंड।भारत का 54 वां विश्व आर्थिक मंच की थीम बिल्डिंग ट्रस्ट के तहत चर्चा व संवाद का जोरदार आवाज़।भारत के अवसरों को सामने लाने व वैश्विक निवेशकों के सामने भारत की गाथा रखने का स्वयं अवसर-54 वां डब्लूईएफ2024

आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। सेहत के लिहाज से आपका दिन फीट एण्ड फाईन रहेगा। आप बेहतर महसूस करेंगे। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स के काम से जुड़े हैं,उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो उनको काफी लाभ पहुंचाएगा। बिजनेस के किसी काम से आज आपको बाहर जाना पड़ सकता है। आपके साथ सब अच्छा होगा।

वृष राशि-आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको खुश करेगा। कुल मिलाकर आज का दिन बेहतर रहेगा। आपकी मेहनत रंग लायेगी।

मिथुन राशि-आज पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होने की संभावना है। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। आज बच्चों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। आप किसी नए काम पर सोच-विचार कर सकते हैं। किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार-विमर्श करेंगे। नए संपर्कों से आपको फायदा होने की उम्मीद है। आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिये आज का दिन फेवरेबल रहेगा। कोई शुभ समाचार आपको मिलने वाला है। उचित दिशा में की गई मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अगर आप कुछ दिनों से अपने कमर दर्द की समस्या से परेशान हैं, तो आपको उससे छुटकारा मिलेगा। आज किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। दोस्तों के साथ रिश्ते में सुधार आयेगा। आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा।

कन्या राशि-आज ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आपको अपनी बात दूसरों के सामने रखने का मौका मिलेगा, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करना चाहिए। परिवार के कुछ मामलों को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। मित्रों के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बड़े-बुजुर्ग शाम को पार्क में टहलने जायेंगे। आज परिस्थितियां आपके अनुकूल बनेगी।

तुला राशि-आज आपका दाम्पत्य रिश्ता मधुरता से भरपूर रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। सेहत के लिहाज से आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ हंसी खुशी के पल बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। उन्हें किसी क्षेत्र में सफलता मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के लिये नए आइडियाज मिलेंगे, जिन पर आप गौर भी फरमायेंगे। आज आपके घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहि, साथ ही जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है । आपका दाम्पत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। बिजनेस में स्थिति ठीक रहेगी। आप अपना काम अच्छे से पूरा कर लेंगे। आपकी सभी परेशानी दूर होगी।

मकर राशि-आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दोस्तों से आपको मदद मिलेगी। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे, जिनके लिए आपकी कुछ जरूरी लोगों से मुलाकात भी होगी। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बन जाएगा। छात्र आज कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे।

कुम्भ राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, आज उन्हें कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपको बड़े अधिकारियों से भी पूर्ण रूप से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में भी स्थिति अनुकूल रहेगी। दोस्तों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग करेंगे। आपकी यात्रा मंगलमय रहेगी।

मीन राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से तुरंत ही पार पा लेंगे। घर का माहौल अच्छा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। परिवार में मधुरता के साथ विश्वास भी बढ़ेगा। सब लोग एक-दूसरे की मदद के लिये तैयार रहेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे।

व्यंग्य

कैमराजीवी इंसान

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

आह! कैमरा, एक चमत्कारी आविष्कार जिसने हमारे जीवन का दस्तावेजीकरण करने और यादें साझा करने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। इसमें सबसे खूबसूरत पलों को कैद करने, समय को स्थिर रखने और हमारी सबसे शर्मनाक घटनाओं को अमर बनाने की शक्ति है। आइए कैमरे की सराहना करने के लिए कुछ समय निकालें, और उन सभी हास्यास्पद परिदृश्यों की सराहना करें जिनमें इसने हमें प्रवेश कराया है। सबसे पहले बात करते हैं सेल्फी की उम्र के बारे में। कैमरे ने हम सभी को सेल्फ-पोर्ट्रेट विशेषज्ञों में बदल दिया है। हममें से प्रत्येक हर समय अपने निजी 'पपराज़ी' (उन फोटोग्रैफर को कहते हैं जो अभिनेता, नेता, राजनेता के दिनचर्या के फोटो खींचते हैं।) उपकरण से लैस होता है। क्या आप किसी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक त्वरित तस्वीर खींचना चाहते हैं? सबसे आकर्षक रोशनी के लिए बस कैमरे को झुकाएँ, एक मुद्रा बनाएं और खींच जाएगी आपकी आत्म-महिमा। और क्या हम फिल्टर और संपादन ऐप्स की अंतहीन धारा के बारे में बात कर सकते हैं जो जादुई रूप से किसी भी साधारण तस्वीर को कला के टुकड़े में बदल देती है? जब उनके पास कुत्ते के कान और उनके सिर पर एक चमकदार प्रभामंडल लगा हो तो उन्हें वास्तव में अपने जैसा दिखने की ज़रूरत किसे है? आख़िरकार, जीवन का दस्तावेजीकरण करने का क्या मतलब है अगर यह आपके सर्वोत्तम आभासी स्व को प्रदर्शित नहीं करता है? आइए स्पष्ट फोटो की क्रोनोलॉजी को न भूलें। आप उन्हें जानते हैं - जहां कोई दूर तक देखने या किसी अनदेखे चुटकुले पर हंसने का नाटक करता है। उन्हें कम ही पता है, उनके चतुर साथी ने शटर बटन पर पहले से ही अपनी उंगली घुमाते हुए उन्हें इस कृत्य में पकड़ लिया है। आह, स्पष्ट शॉट का जादू - सावधानीपूर्वक मंचन किया गया और निंजा जैसी सटीकता के साथ निष्पादित किया गया।हमारे भोजन अनुभवों पर कैमरे के प्रभाव के बारे में बात नहीं करेंगे तो कैमरा दुखी हो जाएगा। केवल भोजन का आनंद लेने के बजाय, हमें खाने पर विचार करने से पहले हर कल्पनीय कोण से प्रत्येक व्यंजन की तस्वीर खींचनी होगी। हमारे भोजन का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण करना महत्वपूर्ण है, अन्यथा हर किसी को कैसे पता चलेगा कि हमने ब्रंच के लिए एवोकैडो टोस्ट खाया था? खाद्य फोटोग्राफी की बात करते हुए, आइए हर भोजन, हर नाश्ते और हर सहज कॉफी ब्रेक का दस्तावेजीकरण करने वाले अंतहीन सोशल मीडिया पोस्ट को न भूलें। हम सभी शौकिया खाद्य आलोचक और पेशेवर खाद्य फोटोग्राफर बन गए हैं, पारखी लोगों का एक समाज जो पहले अपने अनुयायियों के लिए फोटो खींचे बिना खाना खाने में असमर्थ है। प्रभावशाली लोगों के उदय के साथ क्या हुआ, वे व्यक्ति जो वास्तव में कैमरे को पूर्णकालिक नौकरी में बदलने में कामयाब रहे हैं? वे आत्म-प्रचार की कला को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं और बड़ी संख्या में अनुयायियों को यह विश्वास दिलाने में कामयाब रहे हैं कि उनका जीवन कभी न खत्म होने वाली छुट्टियों से कम नहीं है। जब आपने सोचा कि आप पूरी जिंदगी जी रहे हैं, तो एक प्रभावशाली व्यक्ति आपसे सवाल करता है कि आप उष्णकटिबंधीय समुद्र तट पर भी मोजिटोस क्यों नहीं पी रहे हैं। आइए टैगिंग के रोमांच को न भूलें - अच्छे मनोरंजन के नाम पर, सबसे समझौतावादी, अप्रिय क्षणों में दोस्तों की तस्वीरें कैप्चर करना और साझा करना। ओह, आपके सोशल मीडिया फ़ीड के माध्यम से स्क्रॉल करने और छींक के बीच में आपकी उस आनंदमय तस्वीर पर ठोकर खाने की खुशी, आँखें आधी बंद हैं, और किसी तरह आपके सिर पर लसग्ना की एक डिश रखी हुई है। कैमरे ने हम सभी को शौकिया पपराज़ी में बदल दिया है, जो लगातार हर घटना, मील के पत्थर और मामूली दिलचस्प क्षण का दस्तावेजीकरण कर रहा है। अब हम केवल जीवन का अनुभव करने से संतुष्ट नहीं हैं - हमें भावी पीढ़ी के लिए भी इसे सावधानीपूर्वक कैद करना चाहिए, भले ही कोई वास्तव में आपकी बिल्ली की जम्हाई लेते हुए 273वीं तस्वीर देखना चाहता हो या नहीं। फिर कुख्यात फोटोबॉम्बर्स हैं, वे व्यक्ति जो चालाकी से खुद को फोटो की पृष्ठभूमि में डाल देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर अनपेक्षित प्रफुल्लता होती है। चाहे वह एक रणनीतिक अंगूठा हो, एक नासमझ चेहरा हो, या एक अप्रत्याशित अलमारी की खराबी हो, फोटोबॉम्बर हमेशा गुप्त रहता है, अपनी धूर्त हरकतों से आपकी स्थिर तस्वीर को हाईजैक करने के लिए तैयार रहता है। निगरानी और निरंतर दस्तावेज़ीकरण के इस युग में, हम हमारी हर गतिविधि पर नज़र रखने वाले सुरक्षा कैमरों की उपस्थिति के आदी हो गए हैं। यह लगभग वैसा ही है जैसे कि हम सभी अपने रियालिटी टीवी शो के अनजाने सितारे हैं, जो अदृश्य दर्शकों द्वारा चुपचाप देखे जाने के बावजूद अपना जीवन जी रहे हैं। क्या किसी और को ऐसा लगता है कि वे द ट्रूमैन शो में एक भूमिका के लिए लगातार ऑडिशन दे रहे हैं? और आइए ड्रोन फोटोग्राफी की बढ़ती दुनिया को नज़रअंदाज़ न करें। इन हवाई कैमरों ने सचमुच ताक-झांक को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। अब हम केवल जमीन से जीवन का दस्तावेजीकरण करने से संतुष्ट नहीं हैं, अब हमारे पास अपने पड़ोसियों की जासूसी करने या बिना सोचे-समझे धूप सेंकने वालों के गुप्त हवाई शॉट्स लेने की क्षमता है। क्योंकि ऊपर से गूंजते हुए ड्रोन द्वारा निगरानी किए जाने से बेहतर कुछ भी स्वतंत्रता नहीं है। कैमरे ने, हमारे आस-पास की दुनिया को कैद करने और साझा करने की अपनी शक्ति के साथ, हमारे जीवन को कई बेतुके और प्रफुल्लित करने वाले तरीकों से बदल दिया है। हालाँकि इसने निश्चित रूप से हमें एक-दूसरे के करीब लाया है और हमें अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करने में सक्षम बनाया है, इसने हमें आत्म-जुनूनी, निगरानी के प्रति जागरूक और अंतहीन तस्वीरें खींचने वाले व्यक्तियों के समाज में भी बदल दिया है। फिर भी कम से कम हमारे पास बूढ़े और झुर्रीदार होने पर देखने के लिए कुछ बेहतरीन तस्वीरें होंगी, है ना?..

गंभीर मुददा

सुनील कुमार महला

डिजिटल युग के लिए ख़तरनाक है डीपफेक

आज विज्ञान और तकनीक का युग है और विज्ञान तथा तकनीक का उद्देश्य यह रहा है कि इससे मानव जीवन बेहतर और अच्छा बनें। सच तो यह है कि मानव समाज की प्रगति,उसका उत्तरोत्तर विकास ही विज्ञान और तकनीक का असली उद्देश्य रहा है लेकिन आज के समय में विज्ञान और तकनीक दोनों का ही मानव द्वारा दुरूपयोग किया जा रहा है। विज्ञान और तकनीक मानव के लिए वरदान है तो अभिशाप भी साबित हुई है। डीपफेक इन दिनों काफी चर्चा में है।मनोरंजन के उद्देश्य से मनोरंजक वीडियो और तस्वीरें बनाना ही डीपफेक का एकमात्र उपयोग नहीं है। जो चीज़ शौकिया प्रयोग के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक संभावित खतरनाक तकनीक बन गई है।फिल्म जगत से लेकर बड़ी राजनीतिक हस्तियों तक का डीपफेक बनाया गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तक का डीपफेक विडियो बन चुका है। डीपफेक विडियो में एक्स्प्रेशन रीयल लगते हैं लेकिन वे रीयल होते नहीं है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि %डीपफेक लोकतंत्र के लिए एक नया खतरा बनकर उभरा है।% केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने डीपफेक के खतरे और इसकी गंभीरता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा था कि डीपफेक के क्रिएटर्स और उसको होस्ट करने वाले प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय होगी।आज देश-दुनिया में %डीपफेक% के मामले लगातार बढ़ते ही चले जा रहे हैं। यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर डीपफेक है क्या ? तो पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वास्तव में डीपफेक का तात्पर्य कृत्रिम मीडिया से होता है, जिसमें एक मौजूदा छवि या वीडियो में एक व्यक्ति की के स्थान पर किसी दूसरे को इतनी अधिक समानता से लगा दिया जाए कि उनमें अंतर करना कठिन हो जाए। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना

एक नजर

धान खरीदी के शेष बचे दिनों में विशेष सतर्कता के साथ करें उपार्जन:कमिश्नर

जगदलपुर 18 जनवरी । कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने कहा कि धान खरीदी के शेष बचे दिनों में विशेष सतर्कता के साथ उपार्जन कार्य को सम्पादित करवाएं। वास्तविक किसानों से खरीदी कर सरकार की योजना का लाभ दिया जाए। साथ ही उपार्जन केन्द्रों में लाभार्थी किसानों के साथ बेहतर व्यवहार करें। कमिश्नर श्री धावड़े मुख्य सचिव के निर्देश पर बुधवार की शाम संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से धान खरीदी कार्य का संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक जिला कार्यालय जगदलपुर के एनआईसी से कर रहे थे।

कमिश्नर ने खरीदी केंद्र में धान की आवक, धान का उठाव, सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान की आवक पर नियंत्रण एवं निगरानी, केंद्र का साप्ताहिक भौतिक सत्यापन, धान का रकबा समर्पण, बारदाना की उपलब्धता और कस्टम मीलिंग चावल उपार्जन की सभी जिलों से प्रगति की समीक्षा किए। कमिश्नर ने धान खरीदी में अवैध धान को किसानों के रकबा में कोचिया और बिचैलिया के द्वारा बेचने की मंशा को हतोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी जिलों से धान खरीदी के गतिविधियों का संज्ञान लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिसमें अबूझमाड़ क्षेत्र के मसाहती पट्टेधारक किसानों और वनाधिकार मान्यता पत्र धारक किसानों के धान की खरीदी प्रमुखता से करने कहा। बस्तर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कस्टम मिलिंग हेतु अंतर जिला धान का उठाव के सुझाव दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम सहित सभी जिलों के कलेक्टर और खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कांकेर, 18 जनवरी । आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आज शाम जिले के नाथियानवागांव स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रस्तावित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहाँ इसकी तैयारियां सुनिश्चित करने एसडीएम कांकेर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने परिसर में पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया और निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत करते हुए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।

सिक्योरिटी गार्ड के लिए खण्डस्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी से

जगदलपुर 18 जनवरी । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा शिव सिक्योरिटी जगदलपुर एवं इक्यूरिटी ग्रुप सिक्योरिटी हैदराबार के द्वारा जनपद स्तर पर प्लेसमेंट केंप का आयोजित किया जा रहा है।

इसके तहत लाईवलीहुड कॉलेज जगदलपुर में 29 जनवरी को, दरभा जनपद पंचायत में 30 जनवरी को, तोकापाल जनपद पंचायत में 31 जनवरी को, लोहण्डीगुड़ा जनपद पंचायत में 01 फरवरी को, बकावण्ड जनपद पंचायत में 02 फरवरी को, बास्तानार जनपद पंचायत में 05 फरवरी को और बस्तर जनपद पंचायत में 07 फरवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा गीदम मण्डल ने शिव मंदिर प्रांगण गुमरगुंडा में स्वछता अभियान चलाकर की साफ सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 18 जनवरी। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम से पहले एक हफ्ते तक देश के मंदिरों में सफाई अभियान छेड़ने का आह्वान किया था। भाजपा दंतेवाड़ा के सभी मण्डल अध्यक्षों ने पीएम मोदी के आह्वान एवं भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने निर्देशानुसार सफाई अभियान की शुरुआत कर दी है। आज बीजेपी गीदम मण्डल के द्वारा शिव मंदिर प्रांगण गुमारगुंडा में झाड़ू-पौछा लगा कर स्वच्छता का संदेश दिया ।इस दौरान भाजपा गीदम मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मेंप्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है और इस आयोजन को लेकर बीजेपी प्रधानमंत्री के आह्वान पर एवं जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी के निर्देशानुसार 22 जनवरी तक मंदिर और तीर्थ स्थलों के साफ सफाई का अभियान चला रही है, इसी परिपेक्ष्य में आज ष्शिव मंदिर गुमारगुण्डा प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया है जिसमें बीजेपी के कार्यकर्ता शामिल हुए । इस दौरान राकेश कुशवाहा,पुतान सिंह कुशवाहा,शैलेश अटामी,उरदो ठाकुर,दिनेश कौशल समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण शामिल हुए ।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर

जिले में 22 जनवरी को होंगे भव्य भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

सुकमा, 18 जनवरी । धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। पूरे छत्तीसगढ़ सहित सुकमा ज़िले में भव्य एवं वृहद रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा आयोजन के लिए राशि आवंटित की है। आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी और इन संस्थानों के साथ समन्वय और सहयोग से भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ श्री डीएन कश्यप ने बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय में अयोध्या में आयोजित ÷ श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव÷ के मद्देनजर ज़िले में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के संबंध में ज़िला अधिकारियों और आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों के सदस्यों की भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक ली। सीईओ ने शासन की मंशानुरूप आयोजन की रूप रेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने कहा कि संस्कृति एवं राजभाषा के साथ ज़िले में पंजीकृत क्रियाशील मानस मंडलियाँ हैं । राज्य शासन के घोषणा अनुरूप इन सभी मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडलियों को 5000 रू. राशि प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की भक्तगणों एवम् श्रद्धालुओं को सीधा प्रसारण देखने की राम मंदिर में व्यवस्था की जाएगी। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क योजना के जिला सयोजक श्री गुप्तेश्वर गंगबेर ने जिले में स्थित आश्रम एवम् पोटाकेबीन में बच्चों को लाइव प्रसारण दिखाने का अनुरोध किया।सीईओ ने कहा कि ग्राम पंचायत के मंदिरों में भी सजावट एवं लाइटिंग की बात कही गयी। मंदिरों में फूलों से सजाया जायेगा। मंदिरों में साफ-सफाई रंग रोगन एवं आवश्यक मरम्मत आदि की जाएगी। साथ ही मंदिरों के सजावट आदि भी की जाएगी । बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री डीआर ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री गणेश राम सोरी, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष श्री लच्छुराम पोडियामी, श्री अजय दिक्षित, श्री लीलाधार राठी, श्री रंजीत बारठ, श्री दीपक गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नरहरपुर में पेंशन समाधान शिविर का हुआ आयोजन

कांकेर, 18 जनवरी। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी विकास खंडों में जिला कोषालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों के समाधान के लिए पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नरहरपुर विकासखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत के सभाकक्ष में पेंशन समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिला कोषालय अधिकारी ने नरहरपुर बीईओ और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगांव के लंबित परिवार पेंशन के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एनपीएस तथा ओपीएस विकल्प में प्रस्तुत किए गये प्रकरणों में परिवार पेंशन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया तथा प्रकरण शीघ्र जिला कोषालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये। साथ ही पेंशनर समाज भवन में पेंशनरों से चर्चा कर प्राप्त आवेदन एवं श्री चरण सिंह नेताम के नॉमिनी उनकी पत्नी को परिवार पेंशन प्राप्त नहीं हो रहा था। संबंधित से आवेदन प्राप्त कर तत्काल ही सीपीएस रायपुर के लिए पत्र प्रेषित किया गया है।

समाचार संक्षेप

केंद्रीय विद्यालय के नए भवन के निर्माण कार्य को लेकर सुकमा कलेक्टर हैं गंभीर

सुकमा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । केंद्रीय विद्यालय सुकमा में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर हरीश एस. ने बैठक की अध्यक्षता की। ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर केंद्रीय विद्यालय सुकमा में प्रबंध समिति के अध्यक्ष हैं और प्रत्येक सत्र में दो बार इस बैठक का आयोजन किया जाता है। इसी प्रसंग में गुरुवार को विद्यालय में इस बैठक का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य दिनेश कुमार ने पुष्प गुच्छ से जिला कलेक्टर का विद्यालय में स्वागत किया। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने विद्यालय में दसवीं कक्षा का प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम, पठन-पाठन गतिविधि और शिक्षकों की वर्तमान पद-संख्या स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित एनपीसीसी. अधिकारी अर्पित विलियम और कांट्रेक्ट इंजीनियर चित्रकांत से केंद्रीय विद्यालय के लिए बनाए जा रहे नए भवन के बारे में जानकारी ली। नए भवन के निर्माण कार्य में शिथिलता को लेकर कलेक्टर सख्त दिखे। निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपस्थित अधिकारी और अभियंता ने बताया कि निर्माण कार्य में पर्याप्त श्रमिक संसाधन कार्य में लगे हुए है और कार्य की लगातार निगरानी रखी जा रही है, उम्मीद है कि नए सत्र में कक्षाएँ नए भवन लगेंगी। बैठक में प्राथमिक शिक्षक मनीष शर्मा ने कार्यसूची प्रस्तुत की। बैठक में पॉलिटेक्निक कॉलेज से गजेंद्र साहू, अभिभावक सदस्य महेंद्र बांबोड़े, शिक्षक बी मजूमदार, बुगेश्वर साहू, आशीष मीना आदि उपस्थित रहे। कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा सभी को आभार के साथ बैठक का समापन हुआ।

ज सुकमा,दोरनापाल, कुन्ना एवम् मिचवार पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

सुकमा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । नगर पालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल सहित ग्राम पंचायत मिचवार, कुन्ना पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया गया। कार्यक्रम मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार वैन के माध्यम से केंद्र सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रचार वैन के पहुंचने पर लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश देखा और सुना। आयोजन के दौरान स्कूली बच्चों ने तिरंगा फहराते हुए देश भक्ति गीत की धुन पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया तथा बालिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुती दी। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयाँ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थित सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम आयोजित में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री धनीराम बारसे, पूर्व जिलाध्यक्ष सुकमा श्री हुंगा राम मरकाम, आदिवासी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री सोयम मुका, मंडल अध्यक्ष श्री अमर पोयाम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पार्वती प्रधानी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपिका शोरी , अनु मंडावी, सुनील नाग, संदीप यादव, सरपंच कुना रामकुमार पोडियम, पटेल, पुजारी सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्या- विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में नगर पालिका सुकमा के मिनी स्टेडियम में पहुँचे। इस दौरान कलेक्टर श्री हरिस. एस ने लोगों की समस्या सुनी। कलेक्टर श्री एस ने जल्द ही निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सुकमा एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम के साथ अन्य विभाग के अधिकारी और नगर पालिका के पार्षद श्री मनोज देव सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।

कलेक्टर ने भ्रमण कर साफ-सफाई का लिया जायजा

सुकमा, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।कलेक्टर श्री हरिस. एस बुधवार को सुबह नगर पालिका परिषद् सुकमा के विभिन्न वार्डों का औचक भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस उन्होंने कहा कि साफ-सफाई नियमित रूप से हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने लोगों को सूखे और गीले कचरे को पृथक-पृथक रखने हेतु जागरुक करने को कहा। नियमित रूप से कचरा संग्रहण कर उसे एसएलआरए सेंटर भेजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न वार्डो सहित अन्य इलाकों का पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का मुआयना किया। वार्डों में निकासी के लिए नालियों की साफ-सफाई व नाली मरम्मत कराने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि सफाई के काम को इस तरह किया जाना चाहिए कि स्थानीय निवासियों को परेशानी ना हो।इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री अजय मोडियम, नायब तहसीलदार श्री अनिल ध्रुव सहित नगर पालिका परिषद् सुकमा के आधिकारी एवम् कर्मचारिगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय कुमार लक्ष्मी नारायण देव को दी श्रद्धांजलि

जगदलपुर 18 जनवरी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर विधायक श्री किरण देव के पिता स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव के पार्थिव देह के अंतिम दर्शन सुकमा स्थित उनके निवास पहुंचकर किये। उन्होंने स्वर्गीय श्री देव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिवारजनों के प्रति भी शोक संवेदना प्रगट की।इस मौके पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, विधायक सुश्री लता उसेंडी, श्री चैतराम अटामी, श्री विनायक गोयल, श्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व सांसद श्री दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, श्री महेश गागड़ा, श्री रेखचंद जैन, श्री लच्छूराम कश्यप, श्री बैदूराम कश्यप और संभागायुक्त श्री श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पी, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री हरीश एस, पुलिस अधीक्षक श्री किरण चह्वाण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण और क्षेत्रवासियों ने स्वर्गीय श्री लक्ष्मी नारायण देव के पार्थिव देह का अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उल्लेखनीय है कि सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य स्वर्गीय कुमार लक्ष्मी नारायण देव का निधन 104 वर्ष की आयु में जगदलपुर स्थित आवास में बुधवार को हो गया।

समाधान शिविर

जगदलपुर। यातायात पुलिस विभाग द्वारा 34 वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

किसान जैन कुमार को मिली खेतों की मिट्टी को उपजाऊ बनाने की जानकारी

कांकेर, 18 जनवरी। फसलों की उन्नत पैदावार और अधिक फसल लेने के लिए किसानों को अपने खेतों की मिट्टी की तासीर और फसल के अनुरूप दवाओं व पोषक तत्वों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। इसके अभाव में किसानों को फसलों का अपेक्षाकृत कम उत्पादन मिलता है। साथ ही मिट्टी के लिए आवश्यक तत्वों के बारे में भी पता बेहद आवश्यक है। किसानों की इन्ही समस्याओं को दृष्टिगत करते हुए केन्द्र सरकार ने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम संचालित किया, जिससे किसानों में जागरूकता आई है। कार्ड के माध्यम से अब उन्हें भी पता चल रहा है कि उनके खेतों में किस तरह की खाद, दवाई और जैविक तत्वों की आवश्यकता पड़ेगी जिससे उन्हें अधिक से अधिक पैदावार मिल सके। जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम माहुद में आज आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भिरौद गांव के किसान श्री जैन कुमार सिन्हा को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया। कार्ड पाकर श्री सिन्हा ने बताया कि कुछ साल पहले भी उन्होंने अपने खेतों की मिट्टी के नमूने देकर प्रयोगशाला से परीक्षण कराया था, जिसके अनुसार खेती करने पर उनके खेतों में अच्छी पैदावार आई थी। यह भी बताया कि मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के तहत हाल ही में उन्होंने अपने खेतों से मिट्टी के नमूने लेकर जांच कराई थी जिसके तहत आज शिविर में मृदा स्वास्थ्य कार्ड का निःशुल्क वितरण किया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि इस कार्ड से उन्हें अपने खेतों की मिट्टी की तकनीकी जानकारी मिली जिसके अनुसार मिट्टी में उपलब्ध नाइट्रोजन 125 किलो प्रति हेक्टेयर है जबकि सल्फर 10 पीपीएम, आयरन 32 पीपीएम, फास्फोरस 11 किलो प्रति हेक्टेयर, जिंक 0.18 पीपीएम, मैंगनीज 18 पीपीएम व पोटैशियम 309 किलो प्रति हेक्टेयर है। इसी तरह मिट्टी में कार्बनिक कार्बन, बोरॉन और कॉपर की उपलब्धता के बारे में भी कार्ड में उल्लेख किया गया है। उन्होंने यह बताया कि इस आधार पर कार्ड में धान की फसल हेतु मृदा अनुकूलक फील्ड यार्ड खाद/कम्पोस्ट/ खाद प्रति टन प्रति हेक्टेयर 3.4, डीएपी 144.57 किलो प्रति हेक्टेयर, एमओपी 33.50 और यूरिया 232.12 किलो प्रति हेक्टेयर तथा जिंक सल्फेट 15 किलो का उपयोग प्रति हेक्टेयर के मान से किए जाने की सलाह के साथ जिक्र किया गया है। सिन्हा ने किसानों को अपने खेतों में प्रयोग किए जाने वाले उर्वरकों व पोषक तत्वों की सटीक तकनीकी जानकारी निःशुल्क मिलने पर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एक आम किसान को उसकी फसल के अनुरूप मिट्टभ् की प्रवृत्ति व प्रकृति की जानकारी उपलब्ध हो पा रही है।

खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से लिया हिस्सा

सुकमा, 18 जनवरी । दिनांक 15 जनवरी 2024 को ग्राम पंचायत बोदारास के ग्राम कातुलमिरी का प्राथमिक व माध्यमिक शाला स्कूल मे एक दिवसीय पालक- बालक सम्मान मिलन समारोह खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे छात्र छात्राएं, पालक व गांव के सभी ग्रामीण महिला पुरूष बड़ी तादाद मे उपस्थित होकर खेल प्रतियोगिता मे शामिल हुए। इस अवसर पर खेलकूद कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, कार्यक्रम अध्यक्ष हिड़मा राम कुंजाम गांव के पटेल मासा मरकाम ,शैलू कुंजाम, हड़मा मरकाम, हुर्रा मरकाम, कोसा कुंजाम सहित गाँव के प्रमुखों कि उपस्थिति मे खेलकूद सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता मे छात्र छात्राए, गांव के महिला पुरूष बड़ी उत्साहित होकर बढ़-चढ़कर सौ मीटर दौड़ , आलू दौड़, जलेबी दौड़,बोरा दौड़ , कबड्डी रस्सी खींच आदि खेल मे भाग लिया गया। इस समारोह उपस्थित होकर पालक व ग्रामीण बहुत ही खुशी जाहिर की और दोनो स्कूल के शाला प्रबंधन टीम को उत्साहित होकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसी तरह हर वर्ष मनाने की आशा व्यक्त किये।

यह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त शिक्षकगण, श्री सेवन कुमार उर्वशा (प्रभारी प्रधानाध्यापक),श्री जमीन कुमार कुजूर, कु. डाली साहू शिक्षिका, श्री नारद कुमार तारम (प्रधानाध्यापक),श्री डी के रावटे (पीटीआई)शिक्षक, श्री रत्तू राम नाग(प्रधानाध्यापक), श्री बालचंद नाग (प्रधानाध्यापक) महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दौरान बोदारास संकुल समन्वयक श्री धनीराम सेवता सर विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम प्रोत्साहित किया। इस समारोह शामिल अतिथियों ने छात्र छात्राओं व पालको को शिक्षा का महत्व बताते हुए सभी बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए अपील की। कोई भी बच्चे शिक्षा से वंचित न रहे हर पालक अपनी बच्चो को स्कूल भेजे ताकि शिक्षक व छात्रों के बीच शिक्षा का महौल पैदा हो। इस तरह का अन्य कार्यक्रम शिक्षा के सम्बन्धित हो जो बच्चों को पालक व शिक्षको के माध्यम से आयोजित करते रहे। इस अवसर गांव के सभी पालक ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

एक नजर

कलेक्टर के निर्देश पर स्कूली बच्चों के परिवहन में प्रयुक्त 104 वाहनों की हुई जांच

रायगढ़ 18 जनवरी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त द्वारा स्कूली बच्चों के परिवहन हेतु प्रयुक्त वाहनों से संबंधित मामलों को संज्ञान में लेते हुए ऐसे वाहनों की जाँच की गई। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम ने संत टेरेसा स्कूल, संत जेवियर स्कूल, सेंट्रल स्कूल, कार्मेल स्कूल, डीपीएस स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, डीपीएस किड्स स्कूल, इत्यादि स्कूल में प्रयुक्त 104 स्कूल बस, वैन का निरीक्षण किया। वाहनों का टैक्स भुगतान, फिटनेस नहीं होने संबंधी कमियां पायी गई। जिस पर 16 वाहनों को जप्त करते हुए कमियों को दूर करने हेतु वाहन स्वामियों, स्कूल प्रबंधकों को नोटिस जारी किया गया। साथ ही कई स्कूल में बच्चो को लाने वापस छोड़ने हेतु प्रयुक्त वैन के कैटेगरी परिवर्तित कर शिक्षण संस्थान के वाहन के रुप में पंजीकृत करने हेतु सभी वैन चालको,वैन वाहन स्वामियों को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

स्कूल वैन में आग लगने पर अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन को जारी किया नोटिस

रायगढ़ 18 जनवरी। सेंट मेरी स्कूल महापल्ली की स्कूल वैन में कल आग लग गई। गनीमत ये रही कि इसमें कोई स्कूली बच्चा नहीं था। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त को मामले की बारीकी से जांच कर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी श्री रायस्त ने बताया कि सेंट मेरी स्कूल में वाहन क्रमांक सीजी 13सी 8307 का प्रयोग बच्चों को विद्यालय लाने एवं वापस छोड़ने हेतु किया जाता है। दिनांक 16 जनवरी 2024 को बच्चों को वापस छोड़ने पश्चात् वाहन में आग लग गयी। विभागीय सॉफ्टवेयर में वाहन के विवरण का परीक्षण किया गया जिसमें वाहन की आयु 12 वर्ष से अधिक होना, वाहन स्कूल वैन कैटेगरी में पंजीकृत न करवाकर मोटर कैब कैटेगरी में पंजीकृत होना, इंश्योरेंस नहीं होना इत्यादि अनियमितता प्रकट होती है। जो मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धारा 39, धारा 56 का उल्लंघन है। इसके आधार पर वाहन का पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। सेंट मेरी स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया है।

माह अंत तक मरम्मत कार्य करें पूर्ण, अन्यथा होगी कार्रवाई :कलेक्टर

रायगढ़ 18 जनवरी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने खरसिया के ग्राम-चोढ़ा के कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्कूल मरम्मत कार्य की जानकारी ली। पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि छत एवं फ्लोर मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका हैं। अन्य मरम्मत एवं बिजली का कार्य शेष है, जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने नाराजगी जताते हुए शेष सभी कार्यों को माह अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्य पूर्ण नहीं करने स्थिति में कार्यवाही की बात कही। मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेंदर यादव भी उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया और स्कूली बच्चियों से बात करते हुए गणित के सवाल भी पूछे, जिसे बच्चियों ने बड़ी तत्परता के साथ जवाब दिया। बातचीत के दौरान कक्षा आठवीं की प्रिंसी राठिया ने बताया की उन्हें आईपीएस तथा नीलम पैकरा ने डॉक्टर बनने की इच्छा ज़ाहिर की। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने उन्हें कड़ी मेहनत करने को कहा, उन्होंने कहा कि गणित और विज्ञान महत्वपूर्ण विषय हैं, इसका जितना प्रैक्टिस करोगे समय उतना कम लगेगा। जिससे आप किसी भी परीक्षा को आसानी से पास कर सकते हो। उन्होंने शिक्षकों को साप्ताहिक टेस्ट लेने के निर्देश दिए, जिससे उनकी अच्छी तैयारियां हो सके। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने हॉस्टल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चियों के पोषण को ध्यान में रखकर भोजन बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रिंसिपल को सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री गोयल के निरीक्षण के दौरान स्कूली बच्चियों द्वारा बताया की पानी अच्छा नहीं हैं। कलेक्टर श्री गोयल द्वारा स्कूल एवं हॉस्टल में लगे आरओ की जानकारी लेने पर बताया कि काफी दिनों से ठीक नहीं हैं।

जिले में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा पर रामोत्सव का होगा भव्य आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 18 जनवरी । पूरे देश भर में 22 जनवरी को श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा -रामोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी चल रही है। बीजापुर जिले में भी आयोजन को लेकर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों मंदिर के पुजारियों एवं रामचरित मानस मंडली के सदस्यों से बुधवार को बैठक कर श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा दिवस पर आयोजन के संबंध में विचार- विमर्श किया। बैठक में कलेक्टर ने अवगत कराया कि जिले में नगरीय निकाय सहित ग्राम पंचायतों में आमजनों एवं मानस मंडलियों के सहयोग से रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जावेगा। जिले में पंजीकृत मानस

मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5 हजार रू की राशि प्रदान की जायेगी। बैठक में जिले भर से आये मंदिर के पुजारियों एवं मानस मंडली के सदस्यों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि जिले के भक्तजनों में रामोत्सव को लेकर भक्तिमय एवं उत्साह का वातावरण है। आमजन के सहयोग से सभी मंदिर प्रांगण एवं आस-पास साफ-सफाई कर लिया गया है। अयोध्या से आए अक्षत एवं निमंत्रण पत्र को घर-घर जाकर बाजे-गाजे के साथ पहुंचाया जा रहा है। रामोत्सव के अवसर पर यज्ञ,हवन पूजन, रूद्राभिषेक, भंडारे का आयोजन एवं भजन के साथ शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

रामोत्सव के अवसर पर शासन ने भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया है, जिसकी रूप रेखा बताते कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिला एवं प्रत्येक विकासखंड स्तर पर मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों में स्व-प्रेरित होकर साफ-सफाई करना है। 22 जनवरी को श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के समय जिले के गांव से लेकर नगर तक दीप प्रज्वलन, दीपदान, मंदिरों में सांयकाल को आरती, दीप प्रज्वलन, राम भजन, रामचरित मानस का पाठ का आयोजन कर लाईटिंग व्यवस्था किया जाना है। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा - रामोत्सव को जिले भर में आंनदमय एवं उत्साहपूर्ण मनाने को कहा। इस अवसर पर जिला प्रशासन के साथ आवश्यक कानूनी व्यवस्था बनाने में सभी सहयोग करने को कहा। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी, अदिवासी विकास प्रभारी श्री एस के मशराम, प्रभारी जिला सीईओ गीत सिन्हा एवं बीजापुर सीएमओ उपस्थित रहे।

कलेपाल में क्रीडा प्रतियोगिता

बीजापुर, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । संकुल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत कलेपाल में क्या जा रहा है इस खेल प्रतियोगिता आयोजन में 8 संकुल के 45प्राइमरी स्कूल 11 मिडिल स्कूल 2 हाई स्कूल शामिल है ,इस आयोजन के लिए 9 पंचायत मिलकर सहयोग करते है ,जिसमे ग्राम पंचायत तनेली , कुट्रेम, गुमियापल, हिरोली, समलवार,चोलनार , मदाडी,, कड़मपाल, कलेपाल, टिकनपाल आदि पंचायत के सरपंचों के सहयोग से यह प्रतियोगिता आयोजन किया जाता है बालक बालिकाए हर स्तर के खेल में अपना प्रतिभावना दिखाते हैं ,यह आयोजन हर वर्ष अलग-अलग पंचायत में समस्त जनप्रतिनिधि और समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा आपसी सहयोग से यह आयोजन कराया जाता है, बच्चों को पुरस्कार वितरण का सहयोग हेतु आर्सेलरमित्तल निप्पों स्टील इंडिया लिमिटेड के द्वारा किया जाता है साथी ही एनएमडीसी कंपनी के द्वारा भी आयोजन के लिए किया सहयोग लिया जाता है इस अवसर पर आज के उद्घाटन मैच में माध्यमिक स्तर बालक एवं बालिकाएं 100 मीटर दौड़ करवाया गया था ,जिसमे बालक वर्ग 1मीटर दौड़ प्रथम स्थान संतोष बरसा गायत्री आश्रम चोलनर,दितीय,उमेश मध्यामिक शाला मदाड़ी तृतीय स्थान रमेश,माध्यमिक शाला चोलनार चोलनार ,बिलका वर्ग में प्रथम स्थान ,पारो,माध्यमिक शाला मदाड़ी,गीता मध्यम्मिक शाला मदाडी, तृतीय कुमारी राधा माध्यमिक शाला मादड़ी आदि आज के इस उद्घाटन मैच में बच्चो के द्वारा 100 दौड़ में अपना जीत दर्ज की है।

पीएम आवास का निरीक्षण किया कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने

रायगढ़ 18 जनवरी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आज खरसिया दौरे के दौरान पीएम आवास के निरीक्षण में ग्राम तेलीकोट निवासी श्रीमती संगीता के घर भी पहुंचे। यहां उन्होंने आवास निर्माण की स्थिति का अवलोकन किया। श्रीमती संगीता ने बताया की नियमित रूप किस्त प्राप्त हो रही हैं, आगामी कुछ माह में घर का कार्य पूर्ण हो जाएगा। कलेक्टर श्री गोयल से चर्चा पर श्रीमती संगीता ने कहा कि खेती-किसानी नही हैं, रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। पक्का मकान बन जाने से बेहतर हो जाएगा। कलेक्टर श्री गोयल ने ग्राम सचिव से गांव के अन्य शेष अपूर्ण आवासों की जानकारी लेते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर श्री गोयल ग्राम कुनकुनी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत चल रहें डबरी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने डबरी निर्माण का स्वीकृत की जानकारी लेने पर पंचायत सचिव ने बताया कि 2022-23 में कार्य स्वीकृत हुआ था। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने कार्य कर रही महिलाओं से चर्चा करते हुए उनके आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, नल जल योजना के लाभ लेने संबंधी जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि उन्हें सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ मिला है। कलेक्टर श्री गोयल ने सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव को सभी महिलाओं के बीमा करवाने संबंधी निर्देश दिए।

चपले धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे:कलेक्टर

रायगढ़ 18 जनवरी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल खरसिया विकासखंड के चपले के धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी का स्टॉक वेरिफिकेशन करवाया और प्रबंधक से अब तक हुई खरीदी के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने खरीदी केन्द्र में धान बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत की और अपने सामने धान का तौल करवाया। उन्होंने मॉइश्चर मीटर से धान की नमी की जांच भी करवाई। कलेक्टर श्री गोयल ने खरीदी केन्द्र प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित मात्रा में नमी वाले धान की खरीदी हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। उन्होंने खरीदी केन्द्र में धान खरीदी के लिए जारी टोकन और खरीदी गई मात्रा की जानकारी का मिलान भी रजिस्टर से किया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा कि टोकन जारी होने के बाद कितने लोगों ने कितनी मात्रा में धान बेचा है,यह नियमित रूप से संधारित होना चाहिए। धान खरीदी के लिए अब कुछ दिन ही शेष हैं, ऐसे में पूरी सतर्कता बरती जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने इस दौरान खरीदी केन्द्र में धान बेचने आए किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने किसानों से धान खरीदी के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि टोकन कटाने के बाद आज धान बेचने के लिए आए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने खरीदी केन्द्र प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि धान बेचने आए किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सबके धान की व्यवस्थित रूप से तौलाई करवाएं। कलेक्टर श्री गोयल ने धान के उठाव के बारे में भी जानकारी ली।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, एसडीएम खरसिया श्री रोहित सिंह, खाद्य अधिकारी श्री चितरंजन सिंह, डीएमओ श्री प्रवीण पैंकरा, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी श्री सोढ़ी, खरसिया अपेक्स बैंक प्रभारी श्री सुनील सोढ़ी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने चपले में खाद बीज स्टॉक को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने खाद बीज के स्टॉक के जानकारी नियमित रूप से अपडेट करने और केन्द्र में स्टॉक के फिजिकल वेरिफिकेशन कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को पूरे जिले के खाद बीज केंन्द्रो के स्टॉक वेरिफिकेशन करने के लिए निर्देशित किया।

आधार कार्ड बनाने के लिए गांवों में लगाए गए शिविर

बीजापुर, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । /महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत विभाग एवं अन्य विभाग के योजनाओं से लाभ की दिलाने हेतु जिले के उसूर ब्लॉक के तिम्मापुर ग्राम पंचायत, उसूर ग्राम पंचायत एवं गलगम ग्राम पंचायत से कुल 156 बच्चों/हितग्राहियो आधार कार्ड बनाने हेतु दिनांक 8 जनवरी से 12 जनवरी 2024 तक लगातार आधारकार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन ई डीस्ट्रीक मैनेजर से समन्वय कर किया गया है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों के सहयोग से बच्चों/हितग्राहियो को संबंधित चयनित ग्राम पंचायत में आधार कार्ड बनाने के सभी दस्तावेजो के साथ बुलाकर कर 85 लोगो का आधार कार्ड बनाया गया। पोषण ट्रैकर एप्प मे अंतर्गत जिन बच्चों/हितग्राहियों का आधार वेरिफिकेशन नही हुआ था उन बच्चो का आधारकार्ड बनाने के बाद आधार वेरिफाई किया जा रहा है। पोषण ट्रैकर एप्प में दर्ज हुए 6 माह से 03 वर्ष, 03 वर्ष से 06 वर्ष, किशोरी बालिकाएं, पोषक माता एवं गर्भवती माताओं का आधारकार्ड एवं मोबाईल वेरिफिकेशन के बाद आभा आई.डी. नम्बर प्राप्त किया जाता है। सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती खेमीन यादव द्वारा बताया गया कि लक्षित 156 बच्चों/हितग्राहियो में से शेष 71 बचा हुआ है उनका भी आधार शिविर के लिए आयोजन किया जा रहा है।

प्रभातफेरी का पार्षद मीना वर्मा ने किया स्वागत

प्रतिदिन इमलीभाठा से निकाली जा रही प्रभातफेरी, जगह-जगह किया जाता है स्वागत

महासमुंद, 18 जनवरी । 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राधाकृष्ण मंदिर इमलीभाठा से निकाली जा रही प्रभातफेरी का शहर के अलग अलग हिस्सों में अभिनंदन किया जा रहा है । बस्ती प्रमुख विजय चंद्राकर, टेकराम सेन ने बताया कि 22 जनवरी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को भव्य एवं आकर्षक बनाने अपील की जा रही है एवं भव्य समारोह की तैयारी जोरों पर है । इसी तारतम्य में पार्षद देवीचंद राठी द्वारा अयोध्या से सीधे प्रसारण होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को एल.ई.डी. के माध्यम से दिखाने एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की आकर्षक कट आऊट एवं बेनर पोस्टर की तैयारी की जा रही है । इमलीभाठा वासियों द्वारा राधाकृष्ण मंदिर एवं शिव मंदिर फर्शी गली में भोजन प्रसादी की व्यवस्था एवं रामचरित मानस गान की तैयारी भी की जा रही है ।

प्रतिदिन इमलीभाठा से निकलने वाली प्रभातफेरी का जगह जगह अभिनंदन किया जा रहा है । इमलीभाठा से नयापारा, शिव चौक तक पहुंचने पर पार्षद मीना वर्मा द्वारा भव्य स्वागत किया गया । पार्षद देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर ने लोगों से अपील की है कि 22 जनवरी को दीपावली सा उत्सव मनाने के लिये पने घरों एवं आसपास मंदिरों में तैयारी करे एवं 20 जनवरी की शहर भर की भव्य शोभा यात्रा शारदा मंदिर से राम जानकी मंदिर तक सभी रामभक्त शाम 4 बजे शारदा मंदिर, तुमगांव रोड के पास एकत्रित हो ।सुजाता विश्वनाथन ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर आधारित काव्य विनयांजली 18 जनवरी शाम 5 बजे वृंदावन विद्यालय परिसर में आयोजित होगा । अधिकाधिक संख्या में रामभक्त अपनी उपस्थिति देवें । कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिये टेकराम सेन, विजय चंद्राकर, एम.आर. विश्वनाथन, सुजाता विश्वनाथन, पप्लू ठाकुर, माखन पटेल, हनीश बग्गा, राखी शर्मा, संध्या साहू, बंशी साहू, विनोद सिंह, महावीर पवार, रमेश पंचेश्वर, शोभा शर्मा, राजकुमार श्रीवास, राजेश सोनी, जगदीश साहू, डी.आर.सोरी, लालराम साहू, लक्ष्मीकांत सिन्हा, योगेश्वर गिरि, खिलावन धनकर, सुदामा मिश्रा, संगीता गोस्वामी, कमला पंचेश्वर, त्रिवेणी चंद्राकर, संध्या गोहिल, मंदाकिनी ठाकुर, डॉ. एन. सिंह साहू, सविता चंद्राकर, प्रतिभा चंद्राकर, भूपेन्द्र सार्वा, खिलावन साहू, सुधीर सैनिक सहित सभी इमलीभाठा वासियों कासहयोग मिल रहा है ।लाईट, माईक टेन्ट इत्यादि के लिये शाकम्भरी टेन्ट हाऊस से सुधीर सैनिक भजन कीर्तन में जगदीश साहू, डी.आर. सोरी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, प्रसादी वितरण हेतु शशिकांत जैन हर्षादिक रेस्टोरेंट का विशेष सहयोग मिल रहा है ।

नक्सली हिंसा पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । राज्य शासन की नक्सली पीड़ित व्यक्तियों एवं परिवारों की सुरक्षा एवं पुर्नवास कार्ययोजना के तहत कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा जिला पुर्नवास समिति की अनुशंसा पर नक्सली हिंसा में पीड़ित व्यक्ति की संपत्ति को आंशिक या पूर्ण रूप से क्षति होने पर दी जाने वाली सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत श्री ब्रज मोहन शर्मा पीकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 2436 एवं जेसीबी वाहन क्रमांक एमपी 04 डीबी 2215, श्री मुकेश चौधरी पीकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 2014, की स्टोन इन्फा प्राइवेट लि. जैतालूर रोड बीजापुर एवं श्री विजय पोयाम हाईवा टिप्पर वाहन क्रमांक सीजी 17 केटी 2445 उक्त वाहनों को नक्सलियों द्वारा आग लगाकर क्षति किया गया। वाहन मालिक को 2 लाख रूपए सहायता राशि स्वीकृत। वाहन मालिकों को कुल 13 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

जेएनवीएसटी की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुई

बीजापुर, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।

जेएनवीएसटी 2024 के ओरिएंटेशन कार्यक्रम 16 जनवरी 2024 को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री डालेन्द्र कुमार देवांगन, श्री अथर्व शर्मा, श्री एसके गुप्ता, श्री कंडिक नारायण सम्मिलित हुए। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर के प्रधानाचार्य श्री अरूण कुमार ने केन्द्र अधीक्षक तथा केन्द्र स्तरीय पर्यवेक्षक के समक्ष जेएनवीएसटी 2024 परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न करने के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जेएनवीएसटी 2024 परीक्षा का आयोजन चारों ब्लाकों और 10 परीक्षा केन्द्रों में करायी जाएगी। इस परीक्षा में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 3059 है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल ने यह निर्देश दिया कि परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दृढ़ संकल्प से होती है लक्ष्य प्राप्ति:ओ.पी. चौधरी

रायगढ़ 18 जनवरी। किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास के साथ-साथ परिश्रम, त्याग और समर्पण होना बहुत आवश्यक है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद और इतिहास में सफल विभूतियों की जीवन-शैली को अपनाना चाहिए। युवा असफलता से न घबराएं अपितु यह जान लें कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। उपरोक्त बातें वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती सप्ताह के पावन अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय बद्री नारायण बागड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में आज आयोजित युवा महोत्सव में कही। इसी तरह राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम में युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के सूत्रवाक्य उठो, जागो और तब तक चलते रहो जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो को युवाओं को अपने व्यवहार में अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं। कोई भी कार्य या लक्ष्य असंभव नहीं, यदि हम ठान

लें। आमजनों को प्रदेश के विकास में मिलजुलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने विकसित प्रदेश निर्माण की दिशा में सभी की समान सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री विकास सुखवानी, जनपद सभापति श्री शिवशंकर वर्मा और सरजा ठाकुर राम वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप, एसडीएम श्री प्रकाश कुमार टंडन, प्राचार्य श्री राजेश चंदानी, छात्र-छात्राएं, पालकगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

युवा महोत्सव में प्रतिभाओं एवं प्रतिभागी युवा कलाकारों का हुआ सम्मान-युवा महोत्सव के इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश वैशाली बघेल, राष्ट्रीय खेल प्रतिभा हेतु राजेन्द्र वर्मा, सौरभ वर्मा, धनंजय गेन्द्रे, करन यादव, मानसी वर्मा, भारती गिड़लानी, रुचिका देवांगन सहित 42 युवा प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तथा मित्र मानस परिवार तिल्दा, लोककला मंच रंगसिंगार संदीप यदु,बाँसगीत सगुनी सहित युवा कलाकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में काव्यपाठ से श्रोता हुए गदगद-युवा महोत्सव के इस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में आने वाले लोगों की पूरी हो रहीं उम्मीदें

महासमुंद। विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों के सपने साकार हो रहे हैं। यात्रा के दौरान लगाए गए शिविर स्थलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, महिलाएं, युवा सहित ऐसे हितग्राही जो पात्र है और उन्हें योजना से लाभ मिलने की उम्मीद है उनके उम्मीद भी पूरे हो रहे है। महासमुंद जिला में अभी तक 377 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा चुका है। यात्रा के दौरान हितग्राही पूरे उत्साह से उन्हें मिले लाभ की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी के रूप में साझा कर रहे हैं। ग्राम खैरझिटी की कुसुमलता चेलक एवं जानकी कोसले ने शासन की योजनाओं से मिले लाभ और अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया। उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन मिलने से उन्हें चूल्हे के धुंए से राहत मिली है। इसी तरह के विचार भुनेश्वरी कोसले व लता चंद्राकर ने भी व्यक्त किए। ग्राम साराडीह में उज्ज्वला गैस से लाभान्वित हुए सुशीला साहू ने बताया कि इस कैंप में मुझे उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ। जिसमें एक सिलेंडर, चूल्हा, पाइप आदि शामिल है। अब मुझे लकड़ी और धुएं से मुक्ति मिलेगी। बेलटुकरी शिविर में उषाबाई ने बताया कि जब से उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस मिला है तब से जल्दी खाना बन जाता है। समय और श्रम की बचत हो रही है।

ग्राम साराडीह की श्रीमती झरना साहू ने बताया कि उन्हें आयुष्मान कार्ड से एक लाख 50 हजार रुपए का निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि डिलीवरी के दौरान विषम परिस्थिति के कारण स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस दौरान डॉक्टर ने बताया कि इलाज में लगभग डेढ़ लाख रुपए खर्च होंगे। ऐसे समय में आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला। यदि उस परिस्थिति में आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो शायद मेरा इलाज संभव नहीं था। कार्ड के माध्यम से ही निःशुल्क उपचार के पश्चात मुझे और मेरी बेटी को नई जिंदगी मिली। आज मैं अपने गुड़िया के साथ बेहद खुश हूं। इसी तरह ग्राम बेलटुकरी में डेरहिन कोसले ने बताया कि उनको प्रथम डिलीवरी के लिए निजी अस्पताल जाना पड़ा।

भूमि का पट्टा नियमानुसार जारी हुआ, भाजपा मीडिया में बसंत राव ताटी की छवि ख़राब करना चाहती है: पुरुषोत्तम सल्लूर

बीजापुर, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व नगर पालिका परिषद बीजापुर उपाधयक्ष

पुरुषोत्तम सल्लूर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि ज़िला पंचायत सदस्य और कांग्रेस नेता बसंत राव ताटी को लगभग 30-35 वर्ष पहले शासन ने ज़मीन का पट्टा जारी किया था वह पट्टा नियमानुसार है और शासन ने तत्कालीन नियमों का पालन करते हुए ही ज़मीन का पट्टा जारी किया है जो कि पूरी तरह वैध है। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा है कि भाजपा नेताओं के इशारे पर कांग्रेस नेता बसंत राव ताटी की छवि ख़राब करने के लिए मीडिया में झूठी खबरें प्रकाशित कराई जा रही है। जो कि ग़लत है। सल्लूर ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि ग्राम भोपालपटनम, उल्लूर और गुन्लापेंटा में भाजपा के नीलम गणपत,नैकुल,तमड़ी पुरुषोत्तम,तमड़ी भूपेंद्र,नीलम जगदीश,जन्नम अनिल,पी.श्रीनिवास,लंकल रामचंद्रम,पी.त्रिमलेश,गुज्जा मुरली,पी.सतीश,पी.आनंद,जी.सत्यानंदम,मुर्गेश शेट्टी,भिमारपु योगिता,रवि रापर्ती,टी.गोवर्धन,मुरली चांडक,जैसे अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों एकड़ ज़मीनों का पट्टा बना लिया है तो क्या भाजपा इनके ज़मीनों के पट्टों की जाँच कराएगी ? पुरुषोत्तम सल्लूर ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि मीडिया में किसी की छवि ख़राब करना भाजपा और उनके नेताओं की पुरानी आदत है। बीजापुर की जानता भाजपा के कथनी और करनी को अच्छी तरह समझती है। अब बीजापुर की जानता भाजपा और भाजपा नेताओं के झाँसे में आने वाली नहीं है।

एक नजर

धान भीगा तो जिम्मेदारी केंद्र प्रभारी की : कलेक्टर

बलौदाबाजार, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने आज पत्र जारी कर सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधा कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह सुबह धान बेचने आते है तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश दिए है।

28 लीटर महुआ शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं श्रीमती निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 17 जनवरी को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रामपुर में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?5600 कीमत मूल्य का कुल 28 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम रवि डहरिया पिता बृजदास उम्र 40 साल निवासी ग्राम रामपुर थाना पलारी है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभ के लिए आंनलाइन पंजीयन प्रारंभ

बलौदाबाजार, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्रदान करना। कौशल उन्नयन कार्यक्रम से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, उन्हें आधुनिक औजार/टूल किट प्रदान करना, उन्हें सम्पाशविक मुक्त ऋण प्रदान करना पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य है। जिसके अंतर्गत 18 घटकों जिसमें कारीगर, शिल्पी, बुनकरों, टेर्लरिंग, कारपेंटर, लोहार, शस्त्रसाज, लोहे का औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू निर्माण, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, मालाकार, नाई, धोबी एवं मछली जाल निर्माता इत्यादि हितग्राहियों को लाभांवित किया जाना है। जिसमें हितग्राहियों का पंजीयन लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल/मोबाईल एप पर, आधार आथेंटिकेशन के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज- आधार, मोबाईल नम्बर, बैंक विवरण, राशन कार्ड से किया जाना है। यह पंजीकरण पूर्णत: निशुल्क है। प्रथम चरण में हितग्राहियों का प्रमाणीकरण सरपंचों के माध्यम से किया जाना है। योजनांर्तत चिन्हित एवं प्रमाणित हितग्राहियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कचना धुरुवा कालेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने रैली निकाल की नशामुक्त अभियान की अगुवाई

ब्रह्माकुमारी की नशामुक्ति रथयात्रा कर रही क्षेत्र में अलख जगाने का काम:त्रिलोचन साहू

- अभियान मे संकल्प छत्तीसगढ मिशन हास्पीटल के डाक्टरों ने स्वास्थय शिविरो लगाकर निःशुल्क इलाज किया, दवाई वितरण कर लोगो को दिए नशा छोडने के टिप्स
- ब्रह्माकुमारीज़ की पहल की समाज प्रमुखो ने की प्रशंशा, अभियान से जुड़े युवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 18 जनवरी। समाज मे नशे की बीमारी एवं लत को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग व ब्रत्माकुमारीईश्वरीय विश्वविद्यालय की संयुक्त पहल से चलाई जा रही नशा मुक्त भारत अभियान का रर्त ग्राम खड़मा पहुंचा, जहाँ ग्राम वासियो एवं समाज प्रमुखो ने अभियान के रथ का जोरदार स्वागत करते संस्था एवं शाशन की इस पहल की सराहना की। ग्राम प्रमुख अवध राम साहू, सिन्हा समाज के जिला अध्यक्ष शिव लाल सिन्हा, क्षेत्रीय साहू समाज के संरक्षक त्रिलोचन साहू, यादव समाज जिला अध्यक्ष गोविंद राम यादव, पत्रकार संघ अध्यक्ष कूलेशवर सिन्हा, कचना धुरुवा महाविद्यालय का प्राचार्य डा डी के साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, आर आर कुर्रे की उपस्थिति मे आयोजक स्थानीय ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र की ओम शाँति भवन मे÷ मेरा भारत नशा मुक्त भारत ÷ विषय को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रासेयो कॉलेज छात्र छात्राओं व ग्रामवासीयो के बीच सभी शिक्षा विद एवं समाज प्रमुखो ने अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि वर्तमान समय में नशे की प्रवीत्ति हमारे समाज को दीमक की तरह खा रही है।इससे समाज के युवा वर्ग को बचाने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ और केंद्रीय योजनाओं का यह संयुक्त अभियान देश, व समाज हित के लिए कारगर सिद्ध होगा। मुख्य सेवा केंद्र राजीम की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने बताई कि इस अभियान के तहत देश के सभी ब्रह्माकुमारीज़ के सेंटरो मे स्थानीय स्तर पर अपने अपने क्षेत्र मे शाशन के नियमो के तहत और अन्य सहयोगी संस्थाओ को लेकर समाज हित मे स्वच्छता अभियानचलाया जा रहा है। इसी क्रम मे छत्तीशगढ़ मे भी हमारे गरियाबंद जिले मे खड़मा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अन्शुं बहन ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित संकल्प छत्तिसगढ़ मिशन हास्पीटल व कचना धुरुवा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के युवा छात्र- छात्राओं को लेकर संयुक्त पहल से मेरा भारत नशा मुक्त भारत रथ यात्रा अभियान चलाई जा रही है, जिसका शुभारंभ स्थानीय क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू द्वारा रासेयो शिविर जुनवानी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाऊंडेशन की चिकित्सा व शिक्षा प्रभाग द्वारा निर्देशित यह अभियान, विभिन्न ग्रामो मे स्वास्थय शिविर लगा कर ग्राम वासियो का निःशुल्क इलाज, दवाई वितरण, एवं नशा केकारण और उनसे होनेवाले बीमारी संबंध मे लोगो को बताये वही कालेज छात्र छात्राओं ने विभिन्ं ग्रामो मे, बैनर पोस्टर के साथ नारे लगाते रथ के की अगुवाई की, व नुक्कड़, नाटको के जरिये, आदिवासी बाहुल्य ग्रामो के स्कूलो, गली कूचो मे पहुंचकर नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने अपना योगदान दिया।संस्था की संचालिका ब्रह्माकुमारी अंशु बहन ने सभी का स्वागत, अभिनंदन कर ईश्वरीय सौगात भेट कर धन्यवाद ज्ञापित की। वही संस्थान की सदस्य व प्राध्यापक नारायण लाल निषाद व उनकी धर्म पत्नी हेमीन निषाद ने अभियान मे सहयोगी सभी का सम्मान किया व ब्र्म्भोज आयोजित कराये।कार्यक्रम मे गरियाबंद से ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन, चम्पारन सर बी के शकुन्तला, कोपरा सेन्टर से बी के कुन्ती, रशेला से बी के सरोज बहन व खड्मा की सहयोगी बी के चन्द्रीका, बी के अलका, बी के नम्रता वा सैकड़ों की संख्या मे ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स, ग्राम वासी, कालेज छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

50 पाव देशी मदिरा मसाला शराब और मोटर साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एवं एसडीओपी बलौदाबाजार निधि सोम के मार्गदर्शन में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है कि 17 जनवरी को दौरान पेट्रोलिंग अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन की सूचना पर ग्राम कुथरौद मेनगेट के पास रेड कार्यवाही की गई, जंहा आरोपी यशवंत निवासी बिलाइडबरी एवं लेखराम यादव निवासी हिरमी को मोटरसायकल में 50 पाव देशी मदिरा मसाला शराब बोरी में भरकर बिक्री हेतु ले जाते पाए जाने पर आरोपियों के कब्जे से 50 पाव देशी मदिरा मशाला शराब मात्रा 09 लीटर कीमती 5500 रुपये, एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटरसायकल कीमती 10000 रुपये जुमला कीमती 15, 500 रुपये को जप्त कर आरोपियान यशवंत पिता अंजोरी राम उम्र 27 वर्ष साकिन बिलाइडबरी थाना हथबंद, एवं लेखराम यादव पिता स्व सहदेव यादव उम्र 25 वर्ष साकिन हिरमी थाना सुहेला के विरुद्ध अपराध क्र. 31/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। आरोपीयो के विरुद्ध कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा, प्र.आर 958 समीर शुक्ला, आरक्षक 605 दिनेश चंद्रवंशी, का विशेष सहयोग रहा।

इलाज की नहीं होगी अब चिंता, विशेष पिछड़ी जनजाति के रसबाई कमार एवं चमरू कमार को मिला आयुष्मान कार्ड

बलौदाबाजार, 18 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा देश के गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत हो गई है। इस योजना से गरीब वर्ग के लोगों को अब स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज की चिंता नहीं रही है। इस योजना का लाभ देश के करोड़ो लोग ले रहे और स्वस्थ्य हो रहे हैं। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। ऐसे ही जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के श्रीमती रसबाई कमार एवं चमरू कमार को प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम अंतर्गत आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड मिलने पर श्रीमती रसबाई कमार ने कहा कि अब मैं निश्चिंत हूं किसी भी प्रकार के ईलाज के लिए चिंतित नहीं होने पड़ेगी। हमारा परिवार बेहद ही गरीब है। हमारे पास उतने पैसे नहीं होते है कि घर में किसी सदस्य का तबियत खराब होने पर उनका ईलाज करा सकें। अब आयुष्मान कार्ड बनने से 5 लाख रूपये तक नि:शुल्क ईलाज हमें भी प्राप्त होगी। यह हमारे लिए किसी सपने से कम नहीं है।

युवा महोत्सव में शामिल हुए टंकराम वर्मा व ओपी चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 18 जनवरी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज विधिवत पूजा अर्चना कर पुराना तहसील कार्यालय तुलसी, तिल्दा में विधायक कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा की यह कार्यालय विधानसभा के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए खोला गया है तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा भी की।

युवा महोत्सव में पहुंचे वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का जोर दार स्वागत किया गया। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती सप्ताह के पावन अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नेवरा के शासकीय बद्री नारायण बागड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में आज आयोजित युवा महोत्सव में और युवाओं को कहा की किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास के साथ-साथ परिश्रम, त्याग और समर्पण होना बहुत आवश्यक है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद और इतिहास में सफल

विभूतियों की जीवन-शैली को अपनाना चाहिए। युवा असफलता से न घबराएं अपितु यह जान लें कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। प्रधानमंत्री ने 14 जनवरी से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तक स्वच्छता अभियान चलाने का आवाहन किया है, ऐसे में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सांसद विधायक और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सफाई करके स्वच्छता अभियान का हिस्सा बन रहे हैं, इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने साफ सफाई की और आमजन से इस अभियान में जुड़कर अपने घर मंदिर सड़क गालियां और मोहल्ले को स्वच्छ रखने की अपील की।

अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 18 जनवरी। जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 47/24, 48/24, 49/24, 50/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपीयों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपियों के नाम संजय सांडिले पिता फागुवा राम सांडिले उम्र 27 साल साकिन खैंदा थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार। भुवन केंवट पिता सीताराम केंवट उम्र 40 साल साकिन मुसवाठोडी थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार। बसंत धृतलहरे पिता स्व. कार्तिराम धृतलहरे उम्र 67 वर्ष साकिन रसेड़ी थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार। चंद्रकुमार ध्रुव पिता दुकालुराम ध्रुव उम्र 25 वर्ष साकिन पौसरी थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार। मामला इस प्रकार है कि 17 जनवरी को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपीयों से अवैध शराब 40 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा 20 पाव देशी मदिरा मशाला शराब एवं 20 पाव देशी प्लेन शराब 180 मिली वाली शीशी में भरी हुई सील बंद कुल 47.200 बल्क लीटर शराब किमती 12200/रूपये को जप्त कर आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपीयों को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

राम जन्मभूमि के दर्शन का मिलेगा अवसर, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर, गंगा आरती दर्शन भी कराया जाएगा

रामलला दर्शन योजना का आमजन कर रहे बेसब्री से इंतजार,लोगों ने व्यक्त की अपनी प्रतिक्रिया

- छत्तीसगढ़ सरकार आईआरसीटीसी से करने जा रही एमओयू, दर्शनार्थियों के परिवहन, भोजन, सुरक्षा, स्वास्थ्य की रहेगी व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में रामलला दर्शन योजना प्रारंभ निर्णय लिया है। इससे जनमानस में अपार हर्ष का माहौल है। लोगों ने कहा कि इस पहल के माध्यम से प्रदेश वासियों को राम जन्म भूमि के दर्शन का सुअवसर मिलने जा रहा हैं।

इस सिलसिले में बलौदाबाजार नगर निवासी उषा केडिया, उषा शर्मा, लता नामदेव, सुधा गुप्ता, पार्वती श्रीवास, सुधा श्रीवास, अंजना शर्मा, ममता शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे भारत वर्ष के लिए ऐतिहासिक है. धार्मिक नगरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह बहुत ही खुशी का मौका है उस दिन हम सब मिलकर दीप जलायेंगे एवं दीवाली मनायेंगे। हमारे घर के आस पास ही हम कीर्तन-भजन के साथ भंडारे का आयोजन करेंगे। सभी महिलाओं ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की जो घोषणा की गई है वह बहुत नेक कार्य है। घोषणा अनुरूप हम रामलला का दर्शन कर पायेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया. उल्लेखनीय है कि मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को दी गई गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में रामलला दर्शन (अयोध्या धाम)योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। ज्ञातव्य है कि धार्मिक नगरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा तथा बजट पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को रामलला दर्शन हेतु यात्रा ले जाया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी, 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जायेंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथा संभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे। प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी।

न्यायालय नजूल अधिकारी
कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202401201500013
/अ-27/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तनेन्द्र देवांगन पिता स्व. रघुनाथ देवांगन जाति कोष्टा, निवासी सरगीपालपारा कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला सरगीपालपारा में स्थित भूमि शीट नं. 02 भूखण्ड क्रमांक 492/4-5 क्षेत्रफल 15800 वर्गफीट खाली जगह भूमि नजूल संधारण खसरा में 1. जानकी बाई पति स्व. रघुनाथ देवांगन, 2. माधुरी पिता रघुनाथ देवांगन, 3. तनेन्द्र पिता रघुनाथ देवांगन, 4. सुभद्रा देवी पिता रघुनाथ देवांगन, 5. नीलु पिता रघुनाथ देवांगन, 6. खगेश्वर रघुनाथ देवांगन सभी जाति कोष्टा सा. देह के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा अपने पिता रघुनाथ देवांगन के मृत्यु होने के पश्चात् आवेदित भूखण्ड को बराबर हिस्सा/भागों में बटवारा करने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् बटवारा करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 29.01.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

"एनएमडीसी-बालिका शिक्षा सहयोग योजना" 2023-24

छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति आवेदन पत्र

फोटो प्राचार्य द्वारा सत्यापित एवं मुहर

1. आधार नं0 (अनिवार्य) : ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
2. जन्म तिथि (अनिवार्य) ☐☐☐☐☐☐☐☐
3. छात्रा का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में):_____
4. पिता का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :_____
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग सभी को BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है। वर्ग अ0जाति ☐ अ0जनजाति ☐ अ0पि0वर्ग ☐ सामान्य ☐ (√) का निशान लगावें।
6. परिवार की कुल वार्षिक आय :_____
7. फोन/मोबाईल नं. (अनिवार्य) :_____
8. पत्राचार का पता: ग्राम/नगर :_____ पोस्ट ऑफिस :_____ ब्लॉक_____ तहसील_____ जिला_____ पिन:_____
9. अध्ययनरत विद्यालय का नाम :_____ पोस्ट ऑफिस:_____ ब्लॉक_____ तहसील_____ जिला:_____ पिन:_____
10. वर्ष 2023 में उत्तीर्ण परीक्षा का नाम :_____ प्राप्तांकों का प्रतिशत_____
11. कृपया अपने बैंक के बचत खाते का विवरण दीजिए :

(i) बैंक का नाम :_____ शाखा का नाम तथा स्थान _____
(ii) बचत खाता नम्बर :_____ शाखा का IFSC कोड:_____

दिनांक _____ छात्रा का हस्ताक्षर :_____
स्थान _____ छात्रा का नाम :_____

वर्तमान में अध्ययनरत शिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापन

यह प्रमाणित किया जाता है कि, _____ (छात्रा का नाम) श्री/श्रीमती_____(अभिभावक का नाम) _____ _____(स्कूल /कॉलेज/शिक्षा संस्थान का नाम) कक्षा _____ में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत है। आवेदक द्वारा आवेदन में भरी गई उपरोक्त जानकारी सही है ।

दिनांक _____
पता:_____ हस्ताक्षर प्राचार्य
_____
नाम:_____
टेलीफोन/मोबा.नं. (प्राचार्य)/संस्थान _____ शिक्षण संस्थान की सील
विद्यालय संस्थान का ई-मेल _____

संलग्नकों की चेक लिस्ट (√ का निशान लगाए)(1) आधार कार्ड की कॉपी ☐ (2) तहसीलदार या उच्चाधिकारी द्वारा जारी जाति (अनु.जाति, अनु.जनजाति, अ.पि.व. हेतु), मूल निवास (सभी वर्ग हेतु) एवं आय प्रमाण पत्र (अ.पि.व. एवं सामान्य वर्ग हेतु) की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां ☐ (3) पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की अभिप्रमाणित फोटो कॉपी ☐ (4) बैंक द्वारा जारी नवनीतम IFSC के साथ पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट फोटोकॉपी जिस पर आपका फोटो तथा खाता नम्बर अंकित हैं ☐ (5) प्राचार्य/संस्था प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित आवेदन ☐ (6) BPL राशन कार्ड ☐ कार्ड नं0 ☐

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 20.02.2024

छात्रवृत्ति हेतु पात्रता व शर्तें:-

1. यह योजना केवल बालिकाओं के लिए है।
2. छात्रा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग की हो, एवं सभी वर्ग को BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आधारकार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. छात्रा, बस्तर संभाग का मूल निवासी होना चाहिए।
5. पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग की छात्रा हेतु परिवारिक आय रू. 72,000/-वार्षिक से अधिक न हो।(प्रमाण पत्र 01.01.2023 के बाद का निर्गत होना चाहिए।)
6. छात्रा अनिवार्यतः पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए (यदि विद्यार्थी किन्ही कारणों से किसी वर्ष पढ़ाई में गेप किया हो तो उसे अनिवार्य रूप से गैर न्यायिक (Non-Judicial) स्टेंप पेपर पर गेप प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा)।
7. आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त निवासी, जाति तथा आय प्रमाण पत्र एवं उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।
8. विद्यार्थी अपने बैंक से प्राप्त पासबुक अद्यतनीकृत खाता क्रमांक एवं IFSC कोड के साथ प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट छायाप्रति संलग्न करें।

नोटः पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र डाक द्वारा केवल अपने विद्यालय/संस्थान के माध्यम से हमारे कार्यालय प्रबंधक (नै.सा.दा.), बी. आई.ओ.एम.किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा,छ.ग. 494658 में दिनांक 20/02/2024 तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए। आवेदन पत्र के ऊपर "NMDC बालिका शिक्षा सहयोग योजना 2023-24 हेतु आवेदन पत्र" अवश्य लिखें ।

एक नजर

खेलों इंडिया यूथ गेम्स में कामेंट्री करेंगे क्लाडियस

रायपुर, 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ खेल कमेंटेटर जसवंत क्लाडियस को तमिलनाड़ में 19

जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित 6वीं खेलों इंडिया यूथ गेम्स में विभिन्न खेलों की टेलीविजन में कामेंट्री करेंगी। क्लाडियस को प्रसार भारती बोर्ड की ओर से डी.डी. स्पोर्ट्स के लिए हिन्दी में कामेंट्री करने हेतु अनुबंधित किया गया है। मूलतः बालोद जैसे ग्रामीण अंचल से 1981 में आकाशवाणी के लिए उन्होनें कामेंट्री की शुरुवात की। क्लाडियस इसके पहले विश्व सैन्य खेल, राष्ट्रमंडल खेल, दक्षिण-पूर्व एशियाई खेल तथा राष्ट्रीय खेलों में हैंडबाल, तीरंदाजी, रग्बी-सेवन, कबड्डी, सेपकतकरा, नेटबाल, टेनिस आदि खेलों की आंखो देखा हाल डी.डी. स्पोर्ट्स के लिए सुना चुके है।

कांग्रेस में जोन और लोकसभा प्रभारियों की नियुक्ति

रायपुर, 18 जनवरी। चीफदीपक बैज के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार विभाग में जोनल प्रभारी और लोकसभा प्रभारी की नियुक्त हुई है। आदेश में जोनल प्रभारी रायपुर जोन सुरेन्द्र शर्मा, बिलासपुर जोन आर.पी सिंह, दुर्ग जोन धनंजय सिंह ठाकुर, सरगुजा जोन जे.पी श्रीवास्तव, बस्तर जोन जावेद खान है।लोकसभा प्रभारी सरगुजा अनुपम फ़िलिप्स, रायगढ़ संजय देवांगन, जांजगीर-चापां प्रकाशमणी वैष्णव, कोरबा घनश्याम राजू तिवारी, बिलासपुर अभय नारायण राय, राजनांदगांव रूपेश दुबे, दुर्ग नीता लोधी, रायपुर सुरेन्द्र वर्मा, महासमुंद नितिन भंसाली, बस्तर शिल्पा देवांगन, कांकेर हेमंत ध्रुव है।

22 को कोटा में ग्यारह लाख दीपों के साथ भगवान राम की होगी आरती

रायपुर, 18 जनवरी। 22 जनवरी को जब आयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी ठीक उसी समय छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर के कोटा स्थित राम कथा कार्यक्रम स्थल पर समाजसेवी बसंत अग्रवाल की अगुवाही में लाखो श्रद्धालुओं द्वारा शाम 6 बजे 11 लाख दीप प्रज्वलित कर भगवान राम की महाआरती की जाएगी, इस दौरान कलकत्ता से आए कलाकारों द्वारा रंगबीरंगी आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया की महाआरती के पश्चात राम भक्त हनुमान द्वारा सीना चीरकर भगवान राम एवं माता सीता की भव्य झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा राठी ने बताया की कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।

ब्रेसलेट में भारतीय संस्कृति की झलक

रायपुर, 18 जनवरी। अपनी सदाबहार डिज़ाइन्स के लिए पहचाने जाने वाले मैग्निफिशेंट रोमन हाई ज्वेलर, बुल्गरी ने पारंपरिक भारतीय चूड़ी कड़े की तर्ज पर बी.ज़ीरो1 कड़ा ब्रेसलेट की पेशकश की है। भारत के ग्राहकों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया यह कड़ा चमकदार पीले सोने से निर्मित है। यह बहुमूल्य धातुओं और स्टोन्स के साथ भारत के कालातीत सांस्कृतिक संबंध को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाता है। साथ ही, यह आधुनिक भारत का भी प्रतिनिधित्व करता है, जो जड़ से जुड़ी परंपराओं और समकालीन व वैश्विक दृष्टिकोण का अद्भुत संगम है। यह कड़ा बी.ज़ीरो1 के दूरदर्शी कोड को अपनाते हुए, एक स्पाइरल डिज़ाइन के माध्यम से गति, गोलाई और प्रकाश की अवधारणा को व्यक्त करता है। इसे इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह शक्ति और दृढ़ संकल्प को उजागर करे।

श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन

रायपुर, 18 जनवरी। आज छत्तीसगढ़ सीमेंट एवं खदान कल्याणकारी श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मंडल जिसमें शंकर सिंह निर्मलकर नरेंद्र यादव, कमलेश वर्मा, रोम दास, सत्येन्द्र सोनी, गंगा राम बंजारे आदि शामिल थे ने श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से मिलकर श्रमिकों की समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया एवं मांग पत्र सौंपा। यह मांग की गई है कि रायपुर बलौदा बाजार क्षेत्र में आठ सीमेंट उद्योग है यहां नियमित बेजबोर्ड श्रमिक एवं ठेका श्रमिक एक साथ एक समान एक ही प्रवृत्ति के काम करते हैं इसलिए इन ठेका श्रमिकों को भी नियमित बेजबोर्ड श्रमिकों के समान एक समान काम एक समान वेतन मिलना चाहिए एवं ठेका श्रमिकों को भी नियमित बेजबोर्ड श्रमिकों के समान मंहगाई भत्ते का निर्धारण प्रत्येक तीन में किया जाना चाहिए।

मजदूरों को निशुल्क भरपेट मिलेगा भोजन सभी दाल-भात केंद्र दोबारा होंगे प्रारंभ

रायपुर, 18 जनवरी। छत्तीसगढ़ के लाखों श्रमिकों के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ी सौगात दी है। प्रदेश सरकार अब सभी दाल भात केंद्रों को दोबारा शुरू करेगी। इसके मुताबिक, अब मजदूरों को निशुल्क भरपेट खाना मिलेगा। बता दें कि पहले मजदूरों को 5 रुपए का भुगतान करना होता था। लेकिन, अब इन्हे निशुल्क भरपेट खाना मिलेगा। उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया, कि सरकार प्रति प्लेट 52 रुपए का भुगतान कर रही है। अब मजदूरों से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। मंत्री लखन लाल देवांगन कहा, कि कांग्रेस सरकार में योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सरकार के समय प्रति मजदुर ?15 भुगतान होता था, जिसे भूपेश सरकार ने बढ़ाकर 52 रुपए किया, फ़िर भी अधिकांश केंद्रो में मजदूरों को खाना नहीं मिला। इस कारण से अब ये निर्णय लिया गया है। अब जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

नगरीय निकायों को आर्थिक तंगी से उबारने ढूंढे जाएंगे आय के नए स्रोत

नगरीय निकायों-पंचायतों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने वित्त आयोग ने दिए सुझाव

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 18 जनवरी। राज्य के नगरीय निकायों एवं पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए नए स्रोत ढूंढे जा रहे हैं। राज्य वित्त आयोग ने इसके लिए राज्य सरकार को चूंगी कर, यात्री कर, गौण खनिज, आबकारी एवं भू राजस्व उपकर की राशि नकद देने का सुझाव दिया है। वित्त आयोग अपनी रिपोर्ट शीघ्र ही राज्यपाल को दे देगा।

राज्य में नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने नए विकल्प ढूंढने के लिए चौथे वित्त आयोग का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष आईएएस सर्जियास मिंज हैं। आयोग में राज्य योजना आयोग के सदस्यों को भी सुझाव देने कहा गया है। यह आयोग अब सरकार बदलने के साथ ही अपनी महत्वपूर्ण अनुशंसा करेगा। आयोग प्रदेश के नगरीय निकायों एवं पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए नए आर्थिक स्रोत ढूंढने का प्लान तैयार करता है। आयोग के अनुसार इस समय नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधियों का कब्जा है। नगरीय निकाय का मुख्यतः

काम सड़क, पानी और बिजली प्रदान करना है। लेकिन नगरीय निकाय सड़क और पानी-बिजली का उपयोग करते हैं पर इसके एवज में राशि नहीं दे पाते हैं। राज्य शासन ने अब सभी करों को समाहित कर शासन के विभिन्न मदों में जमा करने के निर्देश जारी कर दिए हैं जिसके कारण नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। आयोग के अनुसार नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं की स्थिति और भी गंभीर है। राज्य में 13 नगर निगम हैं। यहां पर स्थापना व्यय इतना ज्यादा है कि वेतन के ही लाले पड़ जाते हैं। राजस्व की वसूली ही यहां आय का प्रमुख स्रोत हैं।

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा नगर पालिकाओं एवं पंचायतों को सोलहवें वित्त आयोग से आर्थिक मदद देने के लिए प्लान तैयार किया गया है। यह आयोग एक निश्चित फंड नगरीय निकायों को देता है जिसके चलते नगरीय निकायों के विभागों का संचालन होता है। राज्य में 50 से अधिक नगर पालिकाएं एवं 100 से अधिक नगर पंचायतें हैं। लोग यहां पर संपत्तिकर नहीं पटाते जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। इस आशय की शिकायत मिलने के बाद यहां पर अब नए विकल्प ढूंढे जा रहे हैं। पंचायतों को गौण खनिज जैसे मुरुम, रेत की रायल्टी देने की सिफारिश की गई है। राज्य योजना आयोग के निर्देश पर पंचायतों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का काम किया जाएगा। राज्य वित्त आयोग सिर्फ आर्थिक स्रोत बढ़ाने के लिए विकल्प दे सकता है। आयोग ने जीएसटी से प्राप्त राशि का कुछ प्रतिशत राज्य सरकार के नगरीय निकायों को देने का सुझाव भी दिया है। आयोग के अधिकारियों के अनुसार इस माह के अंत तक चौथा वित्त आयोग अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश कर देगा।

अयोध्याधाम से पावन ज्योति पहुंची छत्तीसगढ़

रायपुर, 18 जनवरी। राम जन्मभूमि अयोध्याधाम से पावन ज्योति आज छत्तीसगढ़ पहुंची। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आज राज्य अतिथि गृह पहुना में राम जन्मभूमि आयोध्याधाम से पावन ज्योति लेकर राजधानी रायपुर पहुंचे रामभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र ज्योति कलश सौंपा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर के राम मंदिर में ज्योति कलश को रखा जाएगा, जहां से प्रदेश भर में पावन ज्योति भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेशवासियों से घर-घर ज्योति जलाने अपील की। श्री आयोध्याधाम से पावन ज्योति लेकर छत्तीसगढ़ पहुंचे रामभक्तों ने मुख्यमंत्री साय को बताया कि रामभक्तों का सात सदस्यीय दल रामजन्मभूमि से ज्योति कलश लाने गया था। उल्लेखनीय है कि दल में मुस्लिम सम्प्रदाय से भी भिलाई निवासी रज्जन अकील खान और शाहनवाज ने अपनी सहभागिता दी है। दल में प्रग्नेश महेंद्र भाई पटेल, राजू साहू, अरविंद पटेल, आकाश पाल आदि शामिल रहे। मुख्यमंत्री को रामभक्तों द्वारा आयोध्याधाम का प्रसाद भी भेंट किया। इस अवसर रोहित कौशिक, प्रकाश शर्मा, पंडित विकास शास्त्री, टीका राम साहू, राजेश तिवारी, महेश सहित अनेक रामभक्त उपस्थित रहे।

मोदीराज में गरीब और गरीब हुए: बैज

रायपुर, 18 जनवरी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के

नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 90 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में क्रुड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रुड आयल आधे रेट में मिल रहा है लकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। इतना ही नहीं, बीते दिनों जीएसटी की बर्बर मार से दही, पनीर, लस्सी, आटा, सूखा सोयाबीन, मटर व मुरमुरे भी बच नहीं सके, उन पर भी 5 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया। होटल के 1,000 रु. के कमरे पर 12 प्रतिशत जीएसटी, अस्पताल के आईसीयू बेड पर 5 प्रतिशत जीएसटी! जीने के लिए सभी आवश्यक चीजों पर जीएसटी लगाकर चैन नहीं मिला तो श्मशान घाट के निर्माण पर भी जीएसटी बढ़ा दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें लगातार घट रही है मगर मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं कर रही है। बीते 8 सालों में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर कर लगाकर 29 लाख करोड़ रुपए जनता की जेब से निकाले गए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार देश को असमानता और कर्ज की आग में झोंका, दिया सिर्फ धन्ना सेठों को मौका। 'ऑक्सफैम' की रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 5 प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है और नीचे के 50 प्रतिशत लोगों के पास देश की मात्र 3 प्रतिशत संपत्ति। विडंबना यह है कि नीचे के इन 50 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत है और ऊपर के 10 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी केवल 3 प्रतिशत है जबकि उनके पास देश की 70-80 प्रतिशत संपत्ति है।

धाकड़ मंत्री अपने पसंदीदा लोगों को स्टाफ में कर रहे नियुक्त

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 18 जनवरी। सत्ता परिवर्तन के पश्चात अब कैबिनेट मंत्रियों के स्टाफ की नियुक्ति का मामला तिलिस्म बन गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने नियमानुसार स्टेनोग्राफर व लिपिकों की नियुक्ति कर दी है। लेकिन मंत्री अपने चहेतों को विशेष सहायक एवं निज सहायक के रूप में नियुक्त नहीं कर पा रहे हैं। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

राज्य में विष्णुदेव साय की सरकार बनने के बाद 12 कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। एक पद रिक्त रखा गया है। सत्ता परिवर्तन के पश्चात नए मंत्री अपने-अपने पसंदीदा अधिकारियों को बतौर ओएसडी नियुक्त करना चाहते हैं। वर्तमान में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एक मात्र मंत्री हैं जिन्होंने अपना पुराना स्टाफ पुनः रख लिया

है। वन विभाग के पीआर साहू, पर्यटन विभाग के मनोज शुक्ला निज सहायक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। शिक्षा विभाग से अन्य कर्मचारियों को भी बुलाया गया है। राज्य में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने उद्योग विभाग में कार्यरत सौरभ श्रीवास्तव को फिलहाल निज सहायक के रूप में रखा है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने विशेष सहायक के रूप में लखनपुर निवासी आशुतोष पांडेय तथा अंबिकापुर के रमेश सिंह को निज सहायक के रूप में नियुक्त कर दिया है। वर्तमान में गृह मंत्री और परिवहन मंत्री के स्टाफ में सूर्या फाउंडेशन के लोगों को रखा गया है।

शासकीय अधिकारियों का कहना है कि पूर्व भाजपा ने 15 साल राज किया है। मंत्रालय में सभी मंत्रियों को कमरा आबंटित कर दिया गया है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के यहां भी किसी पसंदीदा अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी ने भी अपने पसंदीदा कमचारियों को बुलाया है। राज्य में जीएसटी लागू होने के बाद वे नए आर्थिक स्रोत ढूंढ रहे हैं। इस समय वित्त विभाग बजट बनाने में व्यस्त है। बजट सत्र पांच फरवरी से शुरू होने वाला है इसलिए मंत्रियों को विधानसभा के प्रश्नों, ध्यानाकर्षण एवं कामरोको प्रस्ताव का जवाब देना होगा। इस समय संघ समर्थित एवं आरएसएस की विचारधारा वाले अधिकारियों की तलाश की जा रही है लेकिन यह तलाश अभी तक पूरी नहीं हुई है। मुख्यमंत्री के स्टाफ में सभी अधिकारियों की नियुक्त कर दी ई है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पहले मुख्यमंत्री ने शपथ ली इसके पश्चात मंत्रिमण्डल बना। एक सप्ताह बाद विभाग दिया गया। इसलिए अब अधिकारियों की नियुक्त व स्थानांतरण का कार्य भी काफी सोच समझकर किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार हड़बड़ी में कोई गड़बड़ी नहीं करना चाहती है।

आपदा प्रबंधन व साहसिक शिविर के लिए दार्जिलिंग रवाना हुए स्काउट्स एवं गाइड्स

रायपुर, 18 जनवरी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के अध्यक्ष जी स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला, जिला आयुक्त एवम जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर हिमांशु भारतीय जी के निर्देशानुसार जिला रायपुर की टीम रोवर स्काउट लीडर एवम विकासखण्ड सचिव धरसीवां मुकेश बोरकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एवं साहसिक शिविर हेतु दार्जिलिंग प बंगाल हेतु रवाना हुए। सभी प्रतिभागियों को जिला अध्यक्ष जी स्वामी, जिला आयुक्त हिमांशु भारतीय, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह ने ट्रैक शूट, शूज प्रदान किया। छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवम गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा इस एडवेंचर कैंप का आयोजन 16 से 20 जनवरी तक दार्जिलिंग प बंगाल में किया जा रहा है।इस शिविर में डॉ खूबचंद बघेल शास उच्च मा शाला

सिलयारी न पा नि उ मा शाला खमतराई धरसीवां से पंकज सिन्हा से लीलेश साहू, शास उ मा शाला कानकी तिल्दा से चद्रहास वर्मा, शास उमा शाला खौली आरंग से कु चंचल सेन शास उ मा शाला गोंडपारा अभनपुर से कु गरिमा ध्रुव प्रतिभागी है। इस अवसर पर प्राचार्य शास उच्च मा शाला गोंदपारा अभनपुर श्रीमती भारती अग्रवाल, जिला सचिव एम शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त स्काउट, बालकदास राउत, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती लक्ष्मी नायक, यूनिट लीडर कुमुद देवांगन, यशवंत ध्रुव, पुष्कर साहू युवा अध्यक्ष नमन साहू आदि उपस्थित थे।

आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस पर हुआ व्याख्यान

रायपुर, 18 जनवरी। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य चाणक्य के जीवन एवं सिद्धान्तों पर व्याख्यान, विप्र विधायक सम्मान एवं धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सुभाष तिवारी व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा माता सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. आयोजन के मुख्य अतिथि पुरन्दर मिश्रा, विधायक रायपुर उत्तर एवं अनुज शर्मा, विधायक धरसींवा थे.

अतिथियो का मंच पर स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन की वर्ष भर की गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यो से अतिथियों व

सभा को अवगत कराया.

प्रांतीय महासचिव अजय अवस्थी ने आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस की पृष्ठभूमि, ब्राह्मण समाज की वर्तमान भूमिका पर अपने विचार रखते हुए सम्पूर्ण विषय से अवगत कराया. कार्यक्रम में आमंत्रित विद्वान वक्तगण महेशचन्द्र शर्मा जी, वरिष्ठ शिक्षाविद व साहित्यकार एवं शशांक शर्मा जी, वरिष्ठ पत्रकार व पूर्व संचालक हिन्दी ग्रन्थ अकादमी ने अपने विस्तृत व्याख्यान में आचार्य चाणक्य जी के जीवन व नीतियो पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज का प्रेरणास्रोत बताया तथा उनकी नीतियो से समाज किस तरह एकता व सामाजिक समरसता के साथ रह सकता है इस पर विचार दिये।

स्वच्छता अभियान से जुड़ा सीमंधर स्वामी जैन मंदिर

रायपुर, 18 जनवरी। श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान में मंदिरों व तीर्थस्थलों में स्वच्छता अभियान से जुड़ते हुए सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जैन मंदिरों में प्रतिदिन पक्षाल पूजा के साथ सफाई की जाती है, परन्तु आज विशेष रूप से पूरे मंदिर परिसर की सफाई में ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेन्द्र कोचर, ट्रस्टी नीलेश गोलछा, जय सांखला, भैरव सोसायटी निवासी संघ के राजेश गोलछा, जितेन्द्र गोलछा व अनेक श्राविकाओं ने भाग लिया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर न कहा कि स्वच्छता में ही

भगवान का निवास होता है, रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर चमत्कारी जैन दादाबाड़ी के श्रद्धालुओं ने जिन मंदिर, अपने घरों में स्वच्छता का संकल्प लिया। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर भैरव सोसायटी सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में तीन दिवसीय रामलला महोत्सव का निर्णय लिया गया। जिसका आरम्भ 20 जनवरी को सम्पूर्ण क्षेत्र के घरों में रामचन्द्र जी की फ़ोटो युक्त ध्वज लगाकर होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में दीपक, दुपट्टा वितरण, भव्य रामलला शोभायात्रा, प्रभावना वितरण, शुद्ध घी के दीपक से मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी व सोसायटी को प्रकाशमान किया जावेगा। कार्यक्रम हेतु नीलेश गोलछा, राजेश गोलछा, जितेन्द्र गोलछा को विशेष जवाबदारी दी गई है।

राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती एवं हुनमान चालीसा पाठ

रायपुर, 18 जनवरी। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या अभियान के तहत औषधी वाटिका डूमरतराई स्थित राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती एवं हुनमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी सहित कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी एवं औषधी वाटिका के व्यापारीगण शामिल हुए। उपरोक्त कार्यक्रम में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी सहित औषधी वाटिका के व्यापारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, भरत जैन, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, जयराम कुकरेजा, अर्जुनदास ओचवानी, नरेन्द्र हरचंदानी,

राकेश ओचवानी, राजेश गुरनानी, जितेन्द्र लालवानी, सुनील लखवानी, हीरालाल जैन, पंकज जैन, लोकनारायण पटेल, नवीन विच, रमेश मंधान एवं अन्य व्यापारीगण आदि।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26